NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का छठवां वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष:06, अंक:-02, पृष्ठ: 12 | बुधवार, 08 जुलाई, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# लश्कर कमांडर जाकिर अहमद ढेर



## पहलगाम हमले के बाद बनी हिट लिस्ट में था शामिल; शोपियां में 5 दिन से ऑपरेशन जारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (छीळ) का टॉप कमांडर जाकिर अहमद गनी मारा गया। बुधवार को सुरक्षाबलों ने उसका शव बरामद किया। आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद सेना ने शनिवार शाम चनापोरा इलाके में ऑपरेशन शुरू किया था। ऑपरेशन के पांचवें दिन जाकिर गनी का शव बरामद हुआ। एक और आंतकी लतीफ भट के छिपे होने की आशंका है।

जाकिर गनी उन 14 आतंकियों की सूची में शामिल था, जिसे पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने जारी किया था। यह संयुक्त ऑपरेशन जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप सेना की राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ ने मिलकर चलाया। आतंकियों के छिपे होने की खुफिया सूचना मिलने के बाद शनिवार शाम से चनापोरा इलाके में घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। ऑपरेशन में सेना की 44 आरआर, 20 आरआर, 34 आरआर, 55 आरआर, 3 पैरा, जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप और सीआरपीएफ की 14 व 178 बटालियन शामिल हैं।

### कुलगाम का रहने वाला था जाकिर

जाकिर कुलगाम के मतलहामा का रहने वाला था। वह 2023 से दक्षिण कश्मीर और पीर पंजाल क्षेत्र में सक्रिय था। जाकिर का नाम पाकिस्तान से जुड़े कई आतंकी हमलों से भी जुड़ा था। अक्टूबर 2025 में ठक्अ कोर्ट ने इनके खिलाफ नोटिस जारी किया था और हाल ही में उनका नाम अप्रैल 2026 के पहलगाम आतंकी हमले की जांच से भी जुड़ा था। पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने कश्मीर में 14 आतंकवादियों की सूची जारी की थी और उनके घर भी गिरा दिए गए थे।


सेना की खास एंटी टेरेरिज्म यूनिट, 'विक्टर फोर्स' ने बाग के घने पेड़ों के बीच से भागने के सभी संभावित रास्तों को बंद करने के लिए अतिरिक्त जवान तैनात किए और इलाके में रोशनी का इंतजाम भी किया। सुरक्षाबल पिछले कई दिनों से गांवों और आसपास के इलाकों में लगातार तलाशी अभियान चला रहे हैं।

# इंडोनेशिया के सबसे बड़े हिंदू मंदिर प्रम्बानन पहुंचे मोदी

## बोले- हमेशा शिव से जुड़ने का सौभाग्य मिला; हजार साल पुराना मंदिर

**जकार्ता।** पीएम मोदी बुधवार को इंडोनेशिया के योग्याकार्ता स्थित देश के सबसे बड़े हिंदू मंदिर प्रम्बानन पहुंचे। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भी उनके साथ गए। दोनों ने मंदिर के संरक्षण-जीर्णोद्धार परियोजना का उद्घाटन किया। पीएम ने मंदिर में दर्शन भी किए। उन्होंने मंदिर परिसर में अपने संबोधन में कहा- मुझे किसी न किसी रूप में हमेशा भगवान शिव से जुड़ने का मौका मिला है। सोमनाथ, काशी विश्वनाथ, केदारनाथ धाम और उज्जैन के महाकाल मंदिर के बाद प्रम्बानन मंदिर के विकास का मौका मिलना मेरा सौभाग्य है। पीएम मोदी के इंडोनेशिया दौरे का आज तीसरा और आखिरी दिन है। पीएम आज शाम इंडोनेशिया से ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न रवाना होंगे। उनका ऑस्ट्रेलिया दौरा 8 से 10 जुलाई तक है।






# बच्ची से रेप-मर्डर का आरोपी एनकाउंटर में खत्म



**कोलकता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में नाबालिग से रेप और मर्डर का एक आरोपी प्रभास मंडल पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पूछताछ के दौरान पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश कर रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि क्राइम सीन रीक्रिएशन के दौरान प्रभास मंडल ने एक पुलिसकर्मी की राइफल छीन ली। इसके बाद पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें प्रभास को गोली लगी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बारुईपुर में 12 साल की लड़की 4 जुलाई को लापता हो गई थी। 5 जुलाई को उसका शव एक तालाब से मिला। पोस्टमॉर्टम में रेप की पुष्टि हुई, जिसके बाद इलाके में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए।

# चंपत राय से मिले कोषाध्यक्ष गोविंद देव, हलचल बढ़ी



**अयोध्या।** राम मंदिर ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय से बुधवार को ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने तीर्थ क्षेत्र भवन में बंद कमरे में मुलाकात की। चंपत राय के पद छोड़ने के बाद दोनों की यह पहली भेंट मानी जा रही है। इससे पहले चंपत राय ने पत्र जारी कर एसआईटी जांच पूरी होने के बाद सभी सवालों के जवाब देने की बात कही थी। छह जुलाई को हुई ट्रस्ट की बैठक में भी चंपत राय शामिल नहीं हुए थे।

गोपाल राव भी तीर्थ क्षेत्र भवन में ही मौजूद थे लेकिन बैठक में शामिल नहीं हुए। चंपत राय और कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी महाराज के बीच बैठक हुई है। चंपत के पत्र के बाद इस बैठक के क्या मायने है, उसको लेकर चर्चा तेज हो गई है। अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी सामने आने के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की सोमवार को बैठक हुई थी। इसमें ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और सदस्य अनिल मिश्रा का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया था।

चंपत राय ने पूरे मामले में अनिल मिश्रा को ठहराया जिम्मेदार

इसके पहले, चढ़ावा चोरी पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय ने लंबी चुप्पी तोड़ते हुए पूरे मसले के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और ट्रस्ट के सदस्य रहे अनिल मिश्रा को जिम्मेदार ठहराया है। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) को भेजे गए पत्र में उन्होंने दान की गणना प्रक्रिया से जुड़े कई बिंदुओं पर एसबीआई की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। एसआईटी को लिखे पत्र में उन्होंने अपने बयान को जांच के रिकॉर्ड का हिस्सा बनाने का अनुरोध किया है।

उन्होंने पत्र में लिखा कि 6 फरवरी 2025 को जारी गणना प्रक्रिया के लिए बैंक और ट्रस्ट की ओर से संयुक्त रूप से निर्धारित दिशा-निर्देश से वह पूरी तरह असहमत हैं। इस दस्तावेज पर ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा और एसबीआई अयोध्या शाखा के मुख्य प्रबंधक के हस्ताक्षर हैं। चंपत ने दावा किया कि उन्हें इस दिशानिर्देश पत्र की जानकारी 13 जून को ट्रस्ट के अकाउंट कार्यालय से मिली। उन्होंने कहा कि अगस्त 2020 से इस साल जून तक ट्रस्ट और अन्य संस्थाओं के बीच हुए सभी महत्वपूर्ण अनुबंधों पर उनके हस्ताक्षर हैं, ऐसे में इस महत्वपूर्ण दस्तावेज पर उनसे हस्ताक्षर न कराना कई सवाल खड़े करता है।

उन्होंने कहा कि यदि उस समय वह अयोध्या में नहीं थे तो उनके लौटने तक प्रतीक्षा की जानी चाहिए थी। पत्र में उन्होंने 9 फरवरी 2024 को ट्रस्ट और एसबीआई के बीच हुए एमओयू का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस एमओयू के प्रत्येक पृष्ठ पर उनके हस्ताक्षर हैं और उसमें गणना प्रक्रिया की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, लोहे की जाली वाला दरवाजा सहित कई प्रावधान किए गए थे। हालांकि, इस वायरल पत्र पर अभी तक श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और एसआईटी की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

# अमेरिका ने सीजफायर के बीच ईरान पर की एयरस्ट्राइक

## 80 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया, ईरान ने बहरीन और कुवैत में जवाबी हमले किए

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका ने सीजफायर के बीच बुधवार तड़के ईरान पर एयरस्ट्राइक की है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, 80 से ज्यादा सैन्य ठिकानों को सटीक हथियारों से निशाना बनाया गया।

अमेरिका का कहना है कि यह कार्रवाई होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे तीन जहाजों पर हुए हमलों के जवाब में की गई। वॉशिंगटन ने इन हमलों के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया है एयरस्ट्राइक में एयर डिफेंस सिस्टम, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, तटीय रडार, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, एंटी-शिप मिसाइल सिस्टम, ड्रोन लॉन्च साइट्स और कम्प्यूट की 60 से ज्यादा मिलिट्री बोट्स को निशाना बनाया गया। ईरानी मीडिया के मुताबिक, सीरिक, केश्म द्वीप और बंदर अब्बास में कई धमाके हुए और कुछ जगहों पर आग लग गई।

इसके जवाब में ईरानी सेना ने बहरीन और कुवैत में अमेरिका सैन्य ठिकानों पर 85 से ज्यादा टारगेट्स हिट करने का दावा किया है।

**ईरान ने होर्मुज में 3 टैंकरों को निशाना बनाया:** खामेनेई के अंतिम संस्कार के बीच ईरान ने होर्मुज में 3 टैंकरों को निशाना बनाया, जिसमें एक टैंकर कतर का था। ईरान ने चेतावनी दी कि हमारी तरफ से तय रुट इस्तेमाल नहीं होने पर सुरक्षा की गारंटी नहीं रहेगी।

**कतर ने होर्मुज में ईरानी हमलों की निंदा की:** कतर ने होर्मुज में उसके जहाज पर हमले की निंदा करते हुए ईरान को कानूनी रूप से पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया। साथ ही कहा कि ईरानी हमले अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा के लिए खतरा हैं।



**ईरान बोला- धमकियों के बीच अमेरिका से बातचीत नहीं:** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि धमकियों के माहौल में कोई समझौता नहीं होगा। पहले अमेरिका को अपने पुराने समझौतों का सम्मान करना होगा।

**कोम में खामेनेई के जनाजे में लाखों की भीड़ उमड़ी:** तेहरान में अंतिम यात्रा के बाद लगातार दूसरे दिन कोम में भी खामेनेई के जनाजे में लाखों की भीड़ उमड़ी। कई लोगों ने ताबूत पर लाल कपड़ा भी चढ़ाया, जो बदले का प्रतीक है।

**खामेनेई का पार्थिव शरीर इराक के नजफ पहुंचा:** ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई का पार्थिव शरीर मंगलवार रात इराक के नजफ शहर पहुंचा। ईरान में कई दिनों तक चली अंतिम यात्रा और धार्मिक रस्मों के बाद ताबूत को विशेष विमान से नजफ लाया गया।

# मुंबई एयरपोर्ट में रनवे पर आमने-सामने आए प्लेन




**मुंबई।** एयरपोर्ट पर रात को हादसा टल गया। एअर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के दो विमान एक ही रनवे पर आमने-सामने आ गए। घटना रात 10 बजे की बताई गई है। एअर इंडिया के विमान ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर के निर्देश पर टेक-ऑफ रन रोक दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान लैंडिंग के बाद रनवे से हटा नहीं था, तभी दिल्ली जाने वाला एयर इंडिया का विमान उसी रनवे से उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि सिलिगुड़ी से आई एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट रनवे खाली कर ही रही थी। जबकि दिल्ली जाने वाली फ्लाइट के क्रू ने निर्देश मिलते ही टेकऑफ रन तुरंत रोक दिया और विमान को वापस पार्किंग एरिया में ले जाया गया। एयरलाइन के मुताबिक, विमान की स्टैंडर्ड ऑपरेशन प्रोसीजर के तहत जांच की जाएगी। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। आम तौर पर, टेक-ऑफ रन का मतलब है टेक-ऑफ की रफ्तार पकड़ने से पहले विमान का जमीन पर दौड़ना। फिलहाल दोनों विमानों में कितने यात्री सवार थे, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। एयरलाइन ने कहा कि सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी आवश्यक जांच पूरी होने के बाद ही विमान को दोबारा परिचालन में लाया जाएगा।

# शारजाह से कराची जा रहा पाकिस्तानी कार्गो प्लेन लापता, पांच सदस्य थे सवार

**लाहौर।** संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह से पाकिस्तान के कराची जा रहा एक पाकिस्तानी कार्गो विमान रात अचानक लापता हो गया। विमान में चालक दल के 5 सदस्य सवार थे। विमान के रडार और एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क टूटने के बाद पाकिस्तान एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ने समुद्र में बड़े स्तर पर खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिया है। पीएए के मुताबिक, के-2 एयरवेज के बोइंग 737 कार्गो विमान ने रात करीब 9:18 बजे अपने नेविगेशन सिस्टम में तकनीकी खराबी की सूचना दी। इसके बाद कराची एसीसी ने तुरंत विमान को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रात 9:22 बजे रडार पर विमान तेजी से नीचे उतरता हुआ दिखाई दिया। कुछ ही देर बाद कराची से लगभग 155 नॉटिकल मील पश्चिम में विमान का रडार और संचार संपर्क पूरी तरह टूट गया।

# दुर्घटनाग्रस्त खड़े ट्रक में जा घुसी स्लीपर बस

## चालक और हेल्पर की मौत, 27 यात्री गंभीर घायल

**इटावा।** जिले में वाराणसी से दिल्ली जा रही एक स्लीपर बस बुधवार सुबह आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर आईटीआई चौराहे के पास खड़े दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में पीछे से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि बस के चालक और हेल्पर की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, बस में सवार 27 यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंच गया। घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार, बस सोमवार शाम करीब सात बजे वाराणसी से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। बस में कुल 42 यात्री सवार थे। हादसे में चालक प्रेम



(35), निवासी बागपत, और हेल्पर दीपक (21) की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और दोनों उसमें फंस गए। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकलवाया। हादसे में घायल हुए 27 यात्रियों का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हल्की चोट वाले कई यात्रियों को छुट्टी दे दी, जबकि गंभीर रूप से घायल कुछ यात्रियों का उपचार अभी भी अस्पताल में जारी है। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस और ट्रक को हटवाकर यातायात सामान्य कराया।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376।** **प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindianni@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
बुधवार, 08 जुलाई, 2026


# रिमझिम हुआ मौसम

## आगरा में सुबह से हो रही बूंदाबांदी, भारी बारिश का अलर्ट







एनएनआई

**आगरा।** ताजनगरी का मौसम सुहाना हो गया है। बुधवार सुबह 4 बजे से ही बूंदाबांदी हो रही है। तेज हवाएं भी चल रही हैं। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। रिमझिम रिमझिम बरसात ने तापमान में भी कमी लाई है। मंगलवार शाम से बुधवार सुबह तक रुक-रुक कर बूंदाबांदी हो रही है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में भारी बारिश को लेकर अलर्ट किया है।

रुक-रुक कर हो रही बूंदाबांदी और तेज हवाओं के चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार को अधिकतम तापमान में 5.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया।

मौसम विभाग के अनुसार, 8 और 9 जुलाई को आगरा में भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। 10 जुलाई को भी दिनभर बादल छाए रहने का अनुमान है। एक या दो दौर की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।

**सामान्य से 45% कम बारिश**

इस सीजन बारिश की कमी का असर आगरा समेत करीबी जिलों में साफ दिखाई दे रहा है। अब तक सामान्य से करीब 45% कम बारिश रिकार्ड की गई है। इससे खरीफ की फसलों की बुवाई और बढ़वार प्रभावित होने की आशंका है। कम बारिश से गर्मी और उमस ने भी लोगों को खासा परेशान किया है। हालांकि आने वाले दिनों में इससे राहत की उम्मीद की जा रही है।

एक दिन पहले मंगलवार को दिन में तीन बार रिमझिम और हल्की बारिश देखी गई। शाम को ठंडी हवाओं ने भी राहत बख्शी है। इससे तापमान में गिरावट आई है। अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक होकर 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।



## मथुरा हुआ पानी-पानी, आधे से ज्यादा शहर में जलभराव

एनएनआई

**मथुरा।** इस बार मानसून में दूसरी बार वर्षा ने व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। करीब ढाई घंटे की वर्षा में एक तरह से प्रमुख मार्ग पानी में डूब गए। भूतेश्वर तिराहा और नया बस स्टैंड पर घुटनों तक पानी भर जाने के कारण शहर दो हिस्सों में बंट गया और सड़क पर आवामगन पूरी तरह ठप हो गया। दर्जनों वाहन पानी के बीच ही फंस गए और खराब हो गए।

नगर निगम ने पंपिंग सेट के जरिए पानी निकालने की कोशिश की, लेकिन देर शाम तक पानी नहीं निकाला जा सका। कई दिनों से उमस भरी गर्मी झेल रहे लोगों को मंगलवार दोपहर ढाई बजे उस समय राहत मिली, जब आसमान में अचानक काले बादल छाए और देखते ही देखते झमाझम वर्षा होने लगी। वर्षा से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिल गई। लेकिन हर बार की तरह फिर जलभराव की पुरानी समस्या उजागर हो गई। महज ढाई घंटे की वर्षा के बाद शहर की मुख्य सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं। कई स्थानों पर तीन से चार फीट तक पानी भरने से यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। वाहन बीच सड़क में बंद हो गए और लोगों को घंटों तक जाम व जलभराव की परेशानी झेलनी पड़ी।

सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में महोली रोड, जयगुरुदेव क्षेत्र, बीएसए रोड, कंकाली मार्ग, रेलवे अंडरपास, रोडवेज बस स्टैंड के आसपास का इलाका और निचली कालोनियां रहीं। अंडरपास में पानी भरने से वाहनों का आवागमन रोकना पड़ा। कई दोपहिया वाहन चालक पानी के बीच फंस गए, जबकि चारपहिया वाहनों को भी रास्ता बदलने के लिए मजबूर होना पड़ा। वहीं पैदल श्रद्धालुओं व राहगीरों को फिसलन के बीच जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन को पार करके निकलना पड़ा। शाम के समय हालात और अधिक खराब हो गए। इससे लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने में काफी दिक्कत हुई। कई मुहल्लों में गलियां पूरी तरह जलमग्न हो गईं।

## हाथरस में 25 हजार के इनामी ने कोर्ट में किया सरेंडर

एनएनआई

**हाथरस।** गैंगवार फायरिंग मामले में 25 हजार रुपये के एक इनामी आरोपी ने मंगलवार शाम करीब साढ़े 4 बजे के लगभग पुलिस को चकमा देकर न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। आरोपी की पहचान हाथरस जंक्शन थाना क्षेत्र के गंगचौली निवासी दिनेश पाल सिंह के पुत्र हेमू ठाकुर के रूप में हुई है।

यह घटना हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के कैलाश ढाबे के पास हुई थी। जानकारी के अनुसार, 18 जून को हतीसा गांव के पास दो गुटों के बीच जमकर गोलीबारी हुई थी, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई थी। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में छह आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

पुलिस ने इस मामले में पहले दो आरोपियों, मोना ठाकुर और शानू को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। पुलिस मुठभेड़ के दौरान इन दोनों के पैरों में गोली लगी थी। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की भी सक्रियता से तलाश कर रही थी।

मंगलवार शाम 4:30 के लगभग एक आरोपी हेमू ठाकुर ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस को इसकी जानकारी बाद में मिली। न्यायालय ने हेमू ठाकुर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस मामले में अभी भी तीन अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

## घुंघरू कारोबारी की गूगल ड्राइव में सेव थे 1000 अश्लील फोटो-वीडियो

### गूगल ने करतूत पकड़ी, गृह मंत्रालय तक पहुंचा केस, आरोपी अरेस्ट

एनएनआई

**एटा।** जिले के जलेसर में बाल यौन शोषण एवं अश्लील सामग्री से जुड़ा सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां के घुंघरू कारोबारी मुदित गुप्ता ने पांच साल की बच्ची को अश्लील वीडियो दिखाकर गलत काम किया। इसके कई वीडियो बनाकर गूगल ड्राइव में सुरक्षित कर लिए। गूगल की शिकायत के बाद यह मामला पकड़ में आया। एनसीआरपी (राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल) पर अमेरिकी संस्था एनसीएमईसी (नेशनल सेंटर फोर मिसिंग एंड एक्सप्लोइटेड चिल्ड्रन) द्वारा टिपलाइन के आधार पर पुलिस जलेसर के घुंघरू कारोबारी तक पहुंची। उसके दो मोबाइलों में 1000



से अधिक आपत्तिजनक फोटो और वीडियो मिले हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक अपराध योगेंद्र सिंह ने मंगलवार को मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया आरोपी ने कुछ माह पूर्व बच्ची को वीडियो दिखाकर गलत काम करने के वीडियो गूगल ड्राइव में सेव कर लिया। गूगल ने इनका संज्ञान लेकर गृहमंत्रालय को शिकायत की। एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से एनसीएमईसी की ओर से बाल यौन शोषण सामग्री से संबंधित नौ साइबर टिपलाइन एटा पुलिस को प्राप्त हुईं।

थाना साइबर क्राइम प्रभारी शंभूनाथ के नेतृत्व में तकनीकी जांच की गई। इसमें इनकी लोकेशन जलेसर क्षेत्र में मिली। जांच के दौरान 21 फोटो और वीडियो मिले, जिन्हें बाल यौन शोषण सामग्री से संबंधित पाया गया। आईएमईआई नंबर, लॉग-इन, ई-मेल आईडी और अन्य डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान जलेसर के मोहल्ला बाजार कलां निवासी 42 वर्षीय मुदित गुप्ता के रूप में की। छानबीन के बाद पुलिस ने आरोपी को छह जुलाई को उसके घर से उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से घटना में प्रयोग किए गए दो मोबाइल फोन और घटना के समय पहनी गई दो टी-शर्ट भी बरामद की हैं। एएसपी क्राइम ने बताया विवेचना में ऐसे डिजिटल साक्ष्य भी मिले हैं, जिनसे 12 वर्ष से कम आयु की बालिका के साथ लैंगिक हमले के गंभीर तथ्य सामने आए हैं। जांच में यह भी पता चला कि आरोपी मुदित गुप्ता वीपीएन का उपयोग कर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स से अश्लील वीडियो और न्यूड फोटो डाउनलोड करता था। इसके बाद उन्हें एडिट कर अपने मोबाइल में सुरक्षित रखता था।

# ऑटो और कार में आमने-सामने की भिड़ंत

## सैयां-खैरागढ़ मार्ग पर हुआ एक्सीडेंट, सात घायल

- प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को किया आगरा रेफर
- कार सवार वाहन छोड़कर मौके से फरार



एनएनआई

**आगरा।** बुधवार तड़के करीब पांच बजे सैयाँ-खैरागढ़ मार्ग पर ग्राम डाड़की के निकट हल्की बारिश के दौरान एक ऑटो और स्विफ्ट डिजायर कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो में सवार सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्विफ्ट डिजायर में सवार लोग कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। सूचना मिलते ही सैयाँ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैयाँ पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें आगरा के उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया। घायलों में कैलाश पुत्र श्रीपत, विजेंद्र पुत्र रामेश्वर, सतीश पुत्र नैमी और रामवरन पुत्र विश्व स्वरूप निवासी ग्राम चंदूपुरा (धौलपुर), उपेंद्र पुत्र लोहरेराम निवासी बसई (धौलपुर) तथा रामसिंह पुत्र मतादीन निवासी जोधापुरा, सैयाँ शामिल हैं। एक अन्य घायल की पहचान की पुष्टि पुलिस द्वारा की जा रही है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए सैयाँ-खैरागढ़ मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ऑटो और स्विफ्ट डिजायर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। साथ ही कार में सवार फरार लोगों की तलाश की जा रही है।

प्रारंभिक जांच में बारिश के कारण फिसलन और तेज रफ्तार को दुर्घटना की संभावित वजह माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## फ्रांसीसी पर्यटक से पार्किंग के वसूले पांच हजार

**आगरा** एनएनआई। फ्रांस की पर्यटक की फ्लाइट दिल्ली एयरपोर्ट पर डेढ़ घंटा देरी से आने पर कैब चालक ने पार्किंग शुल्क के रूप में पांच हजार रुपये से अधिक की वसूली कर ली। पर्यटक ने कैब को आगरा आने के लिए बुक किया था। ताजमहल के पास आने पर चालक को 50 यूरो (5000 रुपये) किराये के अतिरिक्त अदा किए। बाद में गाइड को जानकारी दी तो उन्हें धोखाधड़ी का पता चल गया। पर्यटक घबरा गईं और रोने लगीं। यह देखकर लोगों की भीड़ जुट गई। बाद में पुलिस ने पहुंचकर चालक को पकड़ लिया।

उससे यूरो वापस कराए। हालांकि पुलिस ने तहरीर नहीं मिलने पर शांति भंग की कार्रवाई की। चालक की कार को भी सीज कर दिया। एसीपी ताज सुरक्षा यतेंद्र नागर ने बताया कि फ्रांस की रहने वाली जूलियट ईवा और उनकी साथी वैरोनिका मंगलवार को भारत आई थीं। उनकी फ्लाइट दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर तड़के आना था। मगर डेढ़ घंटा लेट हो गई जूलियट ने एयरपोर्ट से आगरा जाने के लिए ऑनलाइन कैब बुक की थी।

## गलत दिशा से आ रही कार को बचाने में ट्रक खाई में पलटा



एनएनआई

**आगरा।** आगरा के ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र में झरना नाले के पास मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। रेलवे गोदाम से सीमेंट लेकर नंदलालपुर पोहिया जा रहा ट्रक गलत दिशा से आ रही एक कार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे कई फीट गहरी खाई में पलट गया। हादसे के समय ट्रक चालक ओम प्रकाश पुत्र राम सिंह, निवासी फाउंड्री नगर, कुबेरपुर, ट्रक चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सामने से गलत दिशा में आ रही कार को बचाने के प्रयास में चालक ने ट्रक मोड़ा, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक सड़क किनारे खाई में जा पलटा। हादसे की सूचना मिलते ही ट्रांस यमुना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से ट्रक चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया और तत्काल इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल भेजा गया जहां उसका उपचार जारी है।

## शादी का झांसा देकर पांच साल तक करता रहा शोषण, आरोपी गिरफ्तार

एनएनआई

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना पुलिस ने शादी का झांसा देकर एक महिला का लंबे समय तक कथित तौर पर शारीरिक शोषण करने, उससे नकदी और जेवर हड़पने तथा मारपीट करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को सोमवार को फाउंड्रीनगर बस स्टैंड से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

पीड़िता ने बीते सप्ताह के शनिवार को थाना ट्रांस यमुना में तहरीर देकर बताया कि उसके पति का पूर्व में निधन हो चुका है और उसके चार बच्चे हैं। करीब पांच वर्ष पहले उसकी फेसबुक के माध्यम से गौतम जाटव निवासी कलवारी, थाना जगदीशपुरा से जान-पहचान हुई थी। आरोप है कि गौतम ने शादी करने और चारों बच्चों की जिम्मेदारी उठाने का भरोसा देकर उसे मथुरा से आगरा बुला लिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर लगातार उसका शारीरिक शोषण किया। इस दौरान उससे एक लाख रुपये ले लिए और उसके जेवर भी अपने कब्जे में कर लिए। महिला फल का ठेला लगाकर अपने बच्चों का पालन-पोषण करती है। आरोप है कि आरोपी शराब के नशे में अक्सर उसके साथ मारपीट करता था और उसकी कमाई भी छीन लेता था। महिला की तहरीर के आधार पर थाना ट्रांस यमुना में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने सोमवार को फाउंड्रीनगर बस स्टैंड से आरोपी गौतम जाटव को गिरफ्तार कर लिया।

### वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

## अनियंत्रित रोडवेज बस ट्रक से टकराई, 9 यात्री घायल

**आगरा** एनएनआई। आगरा-जयपुर हाईवे पर महुअर के पास बुधवार सुबह एक सड़क हादसा घटित हो गया। किरावली की तरफ से आ रही एक अनियंत्रित राजस्थान रोडवेज बस आरजे 05 पीए 6898 ने आगे चल रहे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में 9 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि लगभग 50 अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आईं।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हैरत वाली बात कि, घटना के बाद स्थानीय पुलिस को हादसे की जानकारी नहीं मिली। राहगीरों और अन्य यात्रियों ने सूझबूझ दिखाते हुए घायलों को संभाला और अस्पताल पहुंचाया। बस में सवार एक यात्री ने बताया कि यह हादसा बस चालक की लापरवाही और अत्यधिक तेज गति के कारण हुआ। यात्री के अनुसार, ट्रक सामान्य गति से चल रहा था, तभी बस चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस सीधे ट्रक से जा टकराई। बस में करीब 50 लोग सवार थे।

सभी घायलों को तुरंत नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरावली ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने उनका उपचार किया।

# पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या



एनएनआई

**आगरा।** ताजगंज थाना क्षेत्र के कोल्हाई मोहल्ले में पति-पत्नी में सुलह के लिए चल रही पंचायत में जब पति की बेइज्जती हुई तो वह गुस्से में आपा खो बैठा। वहां से चला गया। शाम को शराब पी और चाकू लेकर जा धमका। इसके बाद पत्नी की चाकू से बुरी तरह गोदकर हत्या कर दी। भागने की कोशिश पर आरोपी को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस को पता चला है कि पति-पत्नी के बीच झगड़े में आरोपी को थप्पड़ भी मारा गया था।कुंती देवी (40) की शादी करीब 21 वर्ष पहले डौकी क्षेत्र के कुंडाल-पवावली निवासी रणवीर उर्फ रानो से हुई थी। दंपति के एक बेटा और एक बेटी है। पति-पत्नी के बीच एक साल से विवाद था। पति की कथित प्रताड़ना से परेशान होकर कुंती दोनों बच्चों के साथ मायके में रहने लगी। मामला अदालत में भी विचाराधीन है। मंगलवार सुबह रणवीर अपने पिता राम प्रसाद के साथ कुंती के मायके पहुंचा। यहां अन्य लोगों के साथ पंचायत हुई। उसने पत्नी पर घर लौटने का दबाव डाला, लेकिन कुंती ने साथ जाने से साफ इनकार कर दिया। पता चला है कि वहां दोनों में हाथापाई हुई, तभी उसे थप्पड़ भी मारा गया। इसके बाद वह पिता के साथ लौट गया। शाम करीब चार बजे गुस्से में रणवीर अकेला बाइक से पहुंचा। घर में घुसते ही उसने कुंती के बाल पकड़ लिए और घसीटते हुए बाहर ले जाने लगा। वहां महिलाओं ने शोर मचाया और बीच-बचाव का प्रयास किया। विरोध पर उसने चाकू निकाल लिया और कुंती के सीने, पेट तथा हाथ पर एक के बाद एक आठ वार किए। आरोपी को लोगों ने दबोच लिया। महिला की एसएन मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी से की पूछताछ घटना की जानकारी पर एसीपी ताज सुरक्षा थाना ताजगंज की फोर्स के साथ पहुंच गए। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया।

वहीं घायल महिला को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर एसएन मेडिकल कॉलेज इमरजेंसी में भेज दिया गया। इलाज के दौरान महिला की मृत्यु हो गई। एसीपी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिवार में कोहराम मच गया।

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

NNI

हर खबर पर पक्की नजर

पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा

www.nnindianews.com

बुधवार, 08 जुलाई, 2026



# सड़क निर्माण की धीमी प्रगति पर जिम्मेदारों को डीएम ने लगाई फटकार

## शहर की पांच प्रमुख सड़कों की कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक स्मार्ट सिटी सभागार में संपन्न

एनएनआई



**आगरा।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री शहरी सड़क उन्नयन योजना (सीएम ग्रिड) के तहत बनाई जा रही शहर की 05 प्रमुख सड़कों की कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक स्मार्ट सिटी सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी महोदय ने सीएम ग्रिड योजना के तहत बन रही मॉडल सड़कों की संबंधित से समग्र जानकारी तलब की यथा सड़क की लंबाई,कब निविदा आमंत्रित की गई, टेंडर प्रक्रिया, स्वीकृत धनराशि, कॉन्ट्रैक्टर से अनुबंध गठित का दिनांक,अनुबंध के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि, प्रोजेक्ट की वित्तीय ० भौतिक प्रगति, कंसल्टेंट फर्म आदि को तलब कर अलग अलग सड़कों के निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि 1.25 किमी लंबा,हरी पर्वत से रवि हॉस्पिटल व दिल्ली गेट से राजामंडी स्टेशन मार्ग का समेकित विकास एवं उन्नयन कार्य प्रस्तावित है, जिलाधिकारी ने कार्य की भौतिक प्रगति तलब की जिसमें बताया गया कि भौतिक प्रगति 15 प्रतिशत है, ट्रेंचिंग का कार्य जो शतप्रतिशत पूर्ण हो जाना चाहिए वह 16 प्रतिशत किया गया है, जिलाधिकारी महोदय ने संबंधित कॉन्ट्रैक्टर श्री राम कंस्ट्रक्शन व कंसल्टेंट फर्म आदि को तलब किया तथा मात्र 15 प्रतिशत भौतिक प्रगति पर कड़ी फटकार लगाई तथा जवाब तलब किया। कॉन्ट्रैक्टर द्वारा बताया गया कि राजामंडी स्टेशन मार्ग पर अंडरग्राउंड यूटिलिटी कार्य लगभग पूर्ण है जल्द ही सभी कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा, हरी पर्वत से रवि हॉस्पिटल तक पुलिस विभाग से एनओसी में देरी, रास्ते में अतिक्रमण हटाने में हुए विलंब से कार्य प्रगति नहीं हुई है, जिलाधिकारी ने मुख्य अभियंता सिविल को तलब किया तथा तत्काल सभी अतिक्रमण हटाने, कार्य पूर्ण होने की दी समय सीमा में कार्य पूर्ण करने, संबंधित विभागों जलकल,जल निगम, पुलिस से समन्वय कर एनओसी लेने, कांट्रैक्ट एग्रीमेंट के अनुसार मैन पॉवर मौके पर सुनिश्चित कराने, नगर निगम के जेई व एई को प्रत्येक सड़क निर्माण कार्य में शीघ्रता लाने, गुणवत्ता,दी गई टाइम लाइन में निर्माण पूर्ण करने, मॉनिटरिंग हेतु नामित कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

# जनपद में रोपे जाएंगे 61 लाख 88000 पौधे



- जिलाधिकारी मनीष बंसल ने वृक्षारोपण महायज्ञ अभियान की तैयारियों के लिए की समीक्षा बैठक
- सभी कॉलोनियों, ग्राम पंचायतों, स्कूलों एवं महाविद्यालयों में जन अभियान चलाकर किया जाएगा वृक्षारोपण, जिलाधिकारी ने दिए निर्देश
- 'एक स्कूल-एक गांव' थीम पर चलेगा वृक्षारोपण अभियान, सरकारी व निजी विद्यालयों की होगी भागीदारी

एनएनआई

**आगरा।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 की तैयारियों के संबंध में जिला वृक्षारोपण समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से वृक्षारोपण की समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों के सम्बन्ध में जनपद के सभी विभागों के नोडल अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से गड्डा खुदान एवं पौध उठान के सम्बन्ध में समीक्षा की गई। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी विभागों को निर्देश दिये गये कि जनपद के सभी विभागों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष दिनांक 12 जुलाई 2026 को प्रातः 07 बजे से सांय 06 तक वृक्षारोपण कराया जाए, वृक्षारोपण में एन०जी०ओ० एनसीसी, रोटरी क्लब, लॉयन्स क्लव, महिला समूह, स्कूली बच्चों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों आदि की सहभागिता सुनिश्चित कराई जाये। वृक्षारोपण को एक कार्यक्रम/पर्व के रूप में सम्पन्न कराया जाए। बैठक में अभियान की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी महोदय ने सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं समन्वित रूप से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि आगरा जनपद को कुल 61 लाख 88000 पौधों के रोपण का लक्ष्य मिला है, जिसमें वन विभाग को 19 लाख 68000 तथा अन्य विभागों को 42 लाख 20000 पौधों के रोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। विगत 05 जून के विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित हुए वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत वन विभाग द्वारा 68000, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 4 लाख 65000, पंचायतीराज विभाग द्वारा 30000, कृषि विभाग द्वारा 1 लाख 17000, उद्यान विभाग द्वारा 77000, नगर विकास विभाग द्वारा 37000 पौधों का रोपण करते हुए कुल 7 लाख 94000 पौधों का रोपण

# आधे शहर को दो दिन सप्लाई नहीं होगा पानी

## शिवाजी मार्केट में पाइप लाइन शिफ्टिंग के चलते पानी सप्लाई बंद रहेगी

एनएनआई



**आगरा।** शहर में 9 और 10 जुलाई को आधे से अधिक शहर में पानी सप्लाई नहीं होगी। शिवाजी मार्केट में पाइप लाइन शिफ्टिंग के चलते पानी सप्लाई बंद रहेगी। जलकल विभाग के अनुसार, छत्ता जोन के अंतर्गत शिवाजी मार्केट में पाइप लाइन शिफ्टिंग का काम 8 जुलाई की शाम को पानी सप्लाई के बाद शुरू होगा। जोकि 10 जुलाई की रात तक चलेगा।

रकाबगंज, बालूगंज, छीपीटोला, नौलक्खा, ताजगंज, फतेहाबाद रोड, गोबर चौकी, कोतवाली, दरेसी, रावतपाड़ा, बेलनगंज, छत्ता, कालामहल, अलबतिया रोड, सुभाष नगर, बालाजीपुरम, दयालबाग, सिकंदरा, आवास विकास कॉलोनी, पश्चिमपुरी, शास्त्रीपुरम, राजपुर चुंगी, शमशाबाद रोड और ट्रांस यमुना कॉलोनी आदि क्षेत्रों में पानी सप्लाई बाधित रहेगी।काजीपाड़ा रेलवे पुल के पास नाले के बीच से गुजर रही बड़ी पानी की लाइनों के कारण हर बरसात में कचरा और पॉलीथिन फंस जाती थी। इससे नाले का प्रवाह रुक जाता था और बारिश का पानी तेजी से नहीं निकल पाता था। परिणामस्वरूप बिजलीघर चौराहा और आसपास के इलाकों में जलभराव की स्थिति बन जाती थी।इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर निगम और जलकल विभाग ने संयुक्त अभियान चलाते हुए नाले के बीच से गुजर रही लाइनों को किनारे शिफ्ट करना शुरू किया है। एक ओर की लाइन शिफ्ट की जा चुकी है, जबकि दूसरी ओर का कार्य अंतिम चरण में है और इसके इसी सप्ताह पूरा होने की संभावना है।ऐसे में लोग समय रहते पानी स्टोरेज की व्यवस्था कर लें।

# डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय ने शुरू किए रोजगारोन्मुखी

## सात नए रोजगारपरक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप कौशल आधारित एवं रोजगारोन्मुखी उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम के अंतर्गत सात नए रोजगारपरक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। विश्वविद्यालय की शैक्षणिक समिति एवं कार्यपरिषद से अनुमोदित इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन के साथ उद्योगों में अप्रेंटिसशिप, व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा कार्यानुभव प्राप्त होगा। यह पहल विद्यार्थियों को 'सीखते हुए कमाने' का अवसर प्रदान करेगी। इन पाठ्यक्रमों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि विद्यार्थियों को प्रत्येक सेमेस्टर में उद्योगों, कॉरपोरेट संस्थानों एवं प्रतिष्ठित संगठनों के साथ कार्य करने का अवसर मिलेगा। अप्रेंटिसशिप के दौरान उन्हें वास्तविक कार्य अनुभव के साथ स्टाइपेंड (भत्ता) भी प्रदान किया जाएगा। इससे विद्यार्थी अध्ययन के साथ आर्थिक रूप से भी सशक्त बनेंगे तथा उद्योगों की कार्यप्रणाली, तकनीकी दक्षता एवं व्यावसायिक संस्कृति से परिचित होंगे। डिग्री पूर्ण होने तक उनके पास व्यावहारिक अनुभव भी होगा, जिससे रोजगार प्राप्त करने की संभावनाएं और अधिक मजबूत होंगी। कुलपति प्रोफेसर आशु रानी ने कहा कि ने कहा कि अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ उद्योगों का वास्तविक अनुभव प्रदान करेगा। प्रशिक्षण अवधि में मिलने वाला स्टाइपेंड उन्हें आर्थिक सहयोग देने के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ाएगा। यह पहल विद्यार्थियों को रोजगार और स्वरोजगार दोनों के लिए सक्षम बनाएगी।

# सैन्य छावनी में तब्दील हो गया श्री राम आदर्श महाविद्यालय

## कैंप में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है:- कर्नल दीपक जुयाल

- विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों के छात्र व छात्रा एनसीसी कैडेट ले रहे हैं भाग

एनएनआई



**आगरा।** वन यूपी बटालियन एनसीसी, द्वारा दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सी ए टी सी-6) का आयोजन श्री राम आदर्श महाविद्यालय पनवारी में प्रारंभ हुआ। ओपनिंग एड्रेस में कैंप कमांडेंट कर्नल दीपक जुयाल ने कैडिटों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन का पालन करना साथ ही कैंप की ट्रेनिंग को पूरी एकाग्रता से करने पर नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। कैंप के दौरान जल के उचित प्रयोग, हाइजीन और सेनिटेशन पर ध्यान देने पर विशेष जोर दिया। जाति धर्म क्षेत्र से ऊपर उठकर अनेकता में एकता का परिचय देकर आदर्श कैडिट बनने पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि कैंप का उद्देश्य कैडिटों को सैन्य जीवन की जानकारी देना जिससे वह भविष्य में सेना में अपना करियर बनाने को प्रेरित हो सकें। कैम्प में सूबेदार मेजर निर्मल सिंह ने बताया कि ओपनिंग एड्रेस के बाद फायर फाइटिंग की टीम के द्वारा कैडिटों को प्रशिक्षित किया गया। कैम्प में मेजर शंभूजी पांडे, कैप्टेन मनीष कुमार, लेफ्टिनेंट वरुण कुमार, फर्स्ट अफसर ज्ञानेंद्र तिवारी, फर्स्ट अफसर विकास मिश्रा, सेकंड अफसर रजनी कैडिटों के साथ उपस्थिति रहे।

# बढ़ती महंगाई से व्यापारियों में रोष, दिया ज्ञापन

## बिजली बिलों पर लगाए गए 10% ईंधन अधिभार को वापस लेने की मांग



**आगरा (एनएनआई)।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से प्रदेश के व्यापारियों, लघु एवं कुटीर उद्योगों तथा आम उपभोक्ताओं की ओर से आपका ध्यान लगातार बढ़ती महंगाई की ओर आकर्षित कराया जा रहा है। पेट्रोल-डीजल, घरेलू एवं वाणिज्यिक गैस तथा बिजली की बढ़ती लागत ने व्यापार, उद्योग और आम नागरिकों के जीवन पर गंभीर आर्थिक बोझ डाल दिया है। परिवहन लागत बढ़ने से आवश्यक वस्तुओं के मूल्य लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है और आम जनता का मासिक बजट असंतुलित हो गया है। घरेलू एलपीजी गैस पर पर्याप्त सब्सिडी बहाल कर आम जनता को राहत प्रदान की जाए। वाणिज्यिक (कमर्शियल) एलपीजी गैस सिलेंडरों के दाम कम किए जाएं, ताकि छोटे व्यापारी, होटल व्यवसायी तथा लघु उद्योग राहत प्राप्त कर सकें। उत्तर प्रदेश में बिजली के बिलों पर लगाए गए 10% ईंधन अधिभार को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए। महंगाई का सबसे अधिक प्रभाव मध्यम वर्ग, निम्न आय वर्ग, छोटे व्यापारियों, लघु उद्योगों एवं आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो व्यापार, रोजगार एवं जनजीवन पर इसका प्रतिकूल प्रभाव और अधिक बढ़ेगा। ज्ञापन देने में नरेश पाण्डेय (महानगर अध्यक्ष), सुरेश लवानिया, कपूर चंद्र रावत, अरुण गुप्ता, जितेंद्र काशीवाल, रियासत अली खान, वीरेंद्र सिंह बंटी, भरत गुप्ता,हाजी कदीर खान, राकेश कश्यप, कुतुबद्दीन मलिक, अभिषेक जैन, विजय सिंह , अनुपम जैन, किशोर वर्मा, संजय अग्रवाल, श्री कांत वर्मा, सतीश वर्मा, रमेश कुशवाहा आदि व्यापारी उपस्थित रहे,

# व्यापारी हित में संघर्ष रहेगा हमेशा जारी: विजय सामा

## निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष विजय सामा के शपथ ग्रहण एवं स्वागत समारोह में उमड़े जूता व्यापारी



**आगरा (एनएनआई)।** वर्ष 1956 से सेवा, एकता, समर्पण और विश्वास जैसे मानवीय मूल्यों के साथ सशक्त नेतृत्व और समृद्ध उद्योग को अनवरत समर्पित द आगरा शू फैक्टर्स फेडरेशन द्वारा हींग की मंडी स्थित फेडरेशन के नवनिर्मित भव्य सभागार में मंगलवार को फेडरेशन के दूसरी बार निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष विजय सामा को को निर्वाचन अधिकारी चाँद दीवान और प्रदीप मेहरा द्वारा अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण करवाई गई। इस दौरान दूसरी बार निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष विजय सामा के स्वागत के लिए जूता व्यापारी उमड़ पड़े। व्यापारियों ने उनका फूल मालाओं, साफों, पटकों, बुके से हार्दिक स्वागत किया। विकास की पहचान विजय सामा, व्यापारियों की शान विजय सामा जैसे नारे लगाए गए। इससे पूर्व अध्यक्ष विजय सामा ने फेडरेशन के संस्थापक व्यापारी नेता स्वर्गीय श्री राजकुमार सामा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। व्यापारियों ने विजय सामा को व्यापारियों का सच्चा हितैषी बताते हुए उनके कार्यकाल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अजय महाजन ने बताया कि जीएसटी विभाग छोटी-छोटी बातों पर माल रोक लेता था। व्यापारियों का उत्पीड़न करता था किंतु विजय सामा जी के अध्यक्ष बनने के बाद उनके प्रयासों से यह समस्या दूर हो गई।

समारोह में शोभाराम पुरुषनानी, नरेंद्र पुरुषनानी (जेठा भाई), रंजीत सामा, एफमेक के उपाध्यक्ष रूबी सहगल, टेकचंद, प्रमोद महाजन, अनिल अरोड़ा, दलप्रीत सिंह, संजय अरोड़ा, सोल एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्र मोहन सचदेवा, फोम एसोसिएशन के अध्यक्ष रामनाथ डंग, श्याम भोजवानी, संजय मगन, धर्मपाल कश्यप, गुन्नी भाई, राजू भाई, घनश्याम रोड़ा, चतरूमल जी, हितेश, अजय महाजन, हरीश वनजानी और घनश्याम लालवानी भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब ऑफ आगरा डिवाइन लगाएगा नि:शुल्क परामर्श शिविर



**आगरा (एनएनआई)।** सिविल लाइन बाग फरजाना स्थित मेराकी सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ आगरा डिवाइन के सहयोग से 15 जुलाई को नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा निशुल्क परामर्श प्रदान कर लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर की जानकारी देने के लिए पोस्टर विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। पोस्टर का विमोचन रोटरी क्लब ऑफ आगरा डिवाइन के अध्यक्ष और वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनुपम गुप्ता, मेराकी सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक के डायरेक्टर और वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ. अभिषेक पाठक, वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. उमा शर्मा और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ऐमन ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मेराकी सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक के डायरेक्टर डॉ. अभिषेक पाठक और डॉ. उमा शर्मा ने बताया कि क्लीनिक पर दो वर्ष में 5000 मरीज देखे गए हैं, जबकि1500 से अधिक मरीजों की सर्जरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि क्लीनिक के स्थापना दिवस के अवसर पर 15 जुलाई को नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हड्डी रोग डॉक्टर अनुपम गुप्ता, कैंसर रोग डॉक्टर उमा शर्मा, यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर अभिषेक पाठक, फिजिशियन डॉ कृष्ण गर्ग, स्त्री रोग डॉक्टर ऐमन, डेंटिस्ट डॉक्टर अनिरुद्ध वर्मा और प्लास्टिक सर्जन प्राची श्रीमोर द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया जाएगा। इस दौरान रियायती दरों पर जांच भी उपलब्ध होगी। उन्होंने जनपद वासियों से निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श का लाभ लेने की अपील भी की। इस अवसर पर विष्णु कुमार, अमित कुमार, शुभम रावत,मोनू चौधरी, राजा मौजूद रहे।

# अभियान चलाकर अनधिकृत वेंडरों के विरुद्ध की कार्रवाई

## 2,24,325 का जुर्माना भी वसूल किया



**आगरा (एनएनआई)।** मंडल रेल प्रबंधक गगन गोयल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त पी. राज मोहन के निर्देशन में आगरा मंडल में यात्रियों की सुरक्षा, स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित रेल संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऑपरेशन दूसरा अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत रेलवे परिसर एवं ट्रेनों में अनधिकृत वेंडिंग के विरुद्ध सघन कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान अप्रैल से जून -2026 की अवधि में आगरा मंडल में कुल 905 अनधिकृत वेंडरों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। इस दौरान रेलवे अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत 2,24,325 का जुर्माना भी वसूल किया गया। जन संपर्क अधिकारी श्री संजय कुमार गौतम ने बताया कि अनधिकृत वेंडिंग से न केवल यात्रियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, बल्कि यह रेलवे नियमों का भी उल्लंघन है। इसलिए ऐसे तत्वों के विरुद्ध नियमित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

# बैंडबाजा की धुन पर निकाली पौधों की बारात

## बाईपुर रेंज के अन्तर्गत नगर वन खंदारी पर वन महोत्सव समापन समारोह का आयोजन किया

एनएनआई




**आगरा।** वन महोत्सव के पावन अवसर पर ताज नेचर वॉक आगरा पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से शिल्पग्राम से ताज नेचर वॉक तक पौधों की बारात धूमधाम से बैंडबाजे एवं रथयात्रा के साथ निकाली गई। बारात का शुभारम्भ शिल्पग्राम से श्री भीम सेन अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक आगरा जोन आगरा द्वारा किया गया तत्पश्चात डा० अनिल कुमार पटेल, राजेश कुमार प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग आगरा, एन०सी०सी० कैडेट्स, के०पी० पब्लिक स्कूल, लोपामुद्रा पब्लिक स्कूल के बच्चे, गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि तथा भारी जनमासान्य के साथ बारात निकाली गई तथा ताज नेचर वॉक पर समापन किया गया। ताज नेचर वॉक पर पौध भण्डारा का आयोजन किया गया जिसमें सभी उपस्थितगणों को पौधे वितरित किये गये। बाईपुर रेंज के अन्तर्गत नगर वन खंदारी आगरा पर वन महोत्सव समापन समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम रैली निकाली गई तत्पश्चात शीबाल के माध्यम से पौधारोपण हेतु शीड्बाल फेंकी गई तथा पौधारोपण कराया गया। उक्त कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम के साथ बनाया गया। एत्मादपुर रेंज के अन्तर्गत देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल एत्मादपुर में उपजिलाधिकारी एत्मादपुर द्वारा पौधारोपण किया गया तथा फलदार पौधे वितरित किये गये।

## विवि के शताब्दी वर्ष का ऐतिहासिक 92वां दीक्षांत समारोह 3 अगस्त को




एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत आयोजित होने वाले 92वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर कुलपति प्रो. आशु रानी की अध्यक्षता में बृहस्पति भवन, कुलपति सचिवालय, पालीवाल पार्क परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में दीक्षांत समारोह एवं दीक्षोत्सव की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभिन्न समितियों को समयबद्ध रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय का 92वां दीक्षांत समारोह आगामी 3 अगस्त 2026 को स्वामी विवेकानंद परिसर (खंदारी) स्थित शिवाजी मंडपम में आयोजित किया जाएगा।

बैठक में यह भी तय किया गया कि दीक्षांत समारोह से पूर्व जनभवन से निर्देशित कार्यक्रम 'दीक्षोत्सव' के अंतर्गत विविध शैक्षणिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

दीक्षोत्सव के अंतर्गत परंपरागत खेल प्रतियोगिताएं, काव्य लेखन, निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, देशभक्ति गीत, लोकनृत्य एवं अभिनय, 'मेरी माँ' विषयक भाषण, निबंध, काव्य एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं, गोद लिए गए गांवों में पारंपरिक खेल, स्वच्छता अभियान, पुस्तक पठन अभियान, शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम, आंगनबाड़ी किट वितरण, सामुदायिक विकास गतिविधियां तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए पांच गांवों के विद्यालयों के विद्यार्थियों की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को दीक्षांत समारोह में माननीय कुलाधिपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में चयनित चित्रों की प्रदर्शनी भी दीक्षांत समारोह में लगाई जाएगी तथा सभी गतिविधियों का संकलन पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि दीक्षांत समारोह में प्रदान किए जाने वाले डिग्री एवं पदकों की तैयारी तथा पात्र विद्यार्थियों की सूची को अंतिम रूप देने का कार्य तेजी से चल रहा है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करना है ताकि समारोह गरिमापूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। 92वें दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय ने विभिन्न समितियों का गठन किया है।

# राममंदिर चढ़ावा चोरी के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

### पुलिस ने बीच रास्ते में पकड़ा, कार्रवाई के विरोध में पुलिस से हुई झड़प

एनएनआई





**आगरा।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राम मंदिर में चढ़ावा चोरी और निर्माण के नाम पर चंदा चोरी का आरोप लगाकर विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन शुरू होते ही पुलिस ने रोक दिया। कार्यकर्ताओं को जैन मंदिर से मनकामेश्वर मंदिर तक पैदल मार्च करना था। प्रदर्शन शुरू होने से पहले ही मौके पर पुलिस पहुंची ने कार्यकर्ताओं को रोक दिया। इसे लेकर कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हुई। पुलिस और कार्यकर्ताओं में धक्का-मुक्की भी हुई।

**पुलिस की रोक के बावजूद आगे बढ़े कार्यकर्ता अरेस्ट**

इसी दौरान कुछ कार्यकर्ता आगे बढ़े तो पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। उन्हें थाने ले गई। पुलिस की सख्ती देखकर कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपने कदम पीछे खींच लिए। वरिष्ठ नेताओं के पीछे हटते ही कार्यकर्ताओं में बहस शुरू हो गई। कार्यकर्ता एक-दूसरे पर पुलिस के डर से पीछे हटने का आरोप लगाते नजर आए। इससे पुलिस का काम और आसान हो गया। साथियों के हिरासत में लिए जाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता जैन मंदिर पर ही धरने पर बैठ गए। कांग्रेसियों ने साफ कहा कि "पुलिस गिरफ्तार कार्यकर्ताओं को वापस लाए, तभी धरना खत्म होगा"। काफी देर तक चले गतिरोध के बाद पुलिस को उनकी बात माननी पड़ी। पुलिस बीच रास्ते से कार्यकर्ताओं को वापस लेकर आई। इसके बाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जैन मंदिर में दर्शन किए और शांतिपूर्वक वापस लौट गए। कांग्रेस का आरोप है कि राम मंदिर के नाम पर चंदा वसूली में गड़बड़ी हुई है। इसकी सीबीआई जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। इसी मांग को लेकर यह प्रदर्शन किया जाना था। पुलिस का कहना है कि बिना अनुमति के प्रदर्शन और जुलूस निकालने पर रोक है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई की गई। करीब 1 घंटे तक जैन मंदिर चौराहे पर तनाव रहा। बाद में पुलिस ने सभी को वहां से हटाया।

## विवि में उत्कृष्ट शिक्षकों को मिलेगा 'बेस्ट टीचर अवार्ड'

**आगरा एनएनआई।** कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की पहल पर राज्य के विश्वविद्यालयों में उत्कृष्ट शिक्षण, शोध, नवाचार एवं शैक्षणिक योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इसी क्रम में डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय ने 'बेस्ट टीचर अवार्ड-2025-26' के लिए नियमित एवं स्थायी शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह सम्मान आगामी दीक्षांत समारोह-2026 में प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार योजना के अंतर्गत कुल चार बेस्ट टीचर अवार्ड प्रदान किए जाएंगे, जिनमें तीन पुरस्कार विश्वविद्यालय से संबद्ध सहायता प्राप्त एवं राजकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों तथा एक पुरस्कार विश्वविद्यालय के विभागों एवं संस्थानों के शिक्षक को प्रदान किया जाएगा।

## गुरुद्वारा दशमेश दरबार में दिखाई गई फिल्म सतलूज

एनएनआई

**आगरा।** गुरुद्वारा दशमेश दरबार, शहीद नगर प्रबंधक कमेटी द्वारा मानवाधिकारों के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले भाई जसवंत सिंह खालड़ा जी के जीवन पर आधारित चर्चित पंजाबी फिल्म "सतलुज" का विशेष प्रदर्शन किया गया।



यह फिल्म प्रारंभ में घल्लूघारा नाम से बनाई गई थी, बाद में इसका नाम बादलकर सतलुज रखा गया। फिल्म में भाई जसवंत सिंह खालड़ा जी के जीवन, उनके साहस, मानवाधिकारों के प्रति समर्पण तथा सत्य की खोज में किए गए संघर्ष को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया गया है,इसमें 1980 और 1990 के दशक के पंजाब के सामाजिक एवं राजनीतिक घटनाक्रम की पृष्ठभूमि भी दिखाई गई है। फिल्म के प्रदर्शन को लेकर पूर्व में विवाद भी हुआ था, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने प्रारंभिक रूप से इसमें कुछ दृश्यों और संवादों पर आपत्ति जताई थी, इसके बाद फिल्म में संशोधन किए गए, नाम परिवर्तित किया गया और संशोधित रूप में इसे प्रमाणन मिला। फिल्म में उपस्थित गुरु रूप संगत ने पूरी श्रद्धा एवं गंभीरता के साथ फिल्म का अवलोकन किया और इसे प्रेरणादायी बताया।

समापन अरदास एवं हुक्मनामा साहिब के साथ हुआ,इसके उपरांत गुरु का अटूट लंगर संगत में प्रेमपूर्वक वितरित किया गया। मुख्य रूप से प्रधान हरपाल सिंह, राजू सलूजा, गुरु सेवक श्याम भोजवानी, मलकीत सिंह, गुरिंदर ओबरॉय देवेंद्र सिंह जुल्का, सुरेंद्र सिंह लवली, इन्दरजीत सिंह, हरजिंदर सिंह, सुरेंद्र सिंह लाड़ी, हरजीत सिंह भसीन आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में खुले 106 हाईटेक 'ई- ज्ञानालय'

- यूपीएससी, एसएससी और बैंकिंग की तैयारी के लिए ग्रामीण छात्रों को अब नहीं जाना पड़ेगा शहर
- युवाओं को गांव में ही मिल रही हाई-स्पीड इंटरनेट और मुफ्त डिजिटल शिक्षा की सुविधा

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए निरंतर धरातल पर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में आगरा जनपद में ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित किए जा रहे 'ई-ज्ञानालय' (ई-लाइब्रेरी) ग्रामीण युवाओं और छात्र-छात्राओं के लिए सफलता और नई संभावनाओं के द्वार खोल रहे हैं। योगी सरकार की इस अभिनव पहल के तहत जनपद की 110 ग्राम पंचायतों में आधुनिक पुस्तकालय की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिनमें 106 नवीन ई- ज्ञानालयों की स्थापना की गई है। अब गांव के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शहर की तरफ पलायन नहीं करना पड़ेगा।

योगी सरकार के विजन के अनुरूप इन ई-ज्ञानालयों को पूरी तरह से हाईटेक बनाया गया है। यहां छात्र-छात्राओं के लिए हाई-स्पीड इंटरनेट, आधुनिक कंप्यूटर प्रणाली, डिजिटल ई-बुक्स, ऑडियो-विजुअल अध्ययन सामग्री और वीडियो लेक्चर की बेहतरीन सुविधा मौजूद है। इसके अलावा इंटरैक्टिव क्विज और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए हार्ड कॉपी पुस्तकों सहित 1000 से अधिक शिक्षण संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। इन पुस्तकालयों के सुचारू संचालन के लिए बाकायदा एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी लागू की गई है। ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में एक प्रबंधन समिति का गठन किया गया है, जबकि दैनिक संचालन की जिम्मेदारी पंचायत सहायक को सौंपी गई है। ग्रामीणों के लिए निशुल्क पंजीकरण के साथ ये ई-ज्ञानालय प्रतिदिन न्यूनतम 8 घंटे संचालित होंगे।

इन ई-ज्ञानालयों का सकारात्मक प्रभाव अब ग्रामीण क्षेत्रों में साफ नजर आने लगा है। संसाधनों के अभाव में जो युवा अपनी पढ़ाई की लय खो चुके थे, वे अब यूपीएससी (वढरउ), एसएससी (ररउ), बैंकिंग सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए इन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और ऑनलाइन संसाधनों का भरपूर उपयोग कर रहे हैं। छात्र-छात्राओं का कहना है कि ई-ज्ञानालय के शांत एवं प्रेरणादायक माहौल ने उन्हें पुनः शिक्षा से जुड़ने के लिए एक नई ऊर्जा दी है। इस पूरी पहल में जनपद आगरा के जगनेर विकास खंड की ग्राम पंचायत बरीगवां खुर्द का ई- ज्ञानालय ग्रामीण छात्रों के लिए एक बेहतरीन रोल मॉडल बनकर उभरा है। यहां एक साथ 30 छात्र- छात्राओं के बैठने के लिए व्यवस्थित अध्ययन कक्ष बनाया गया है। बिजली जाने पर पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए इन्वर्टर की व्यवस्था है। साथ ही शुद्ध पेयजल (आर.ओ. वाटर) और हाई-स्पीड वाई-फाई की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य ग्रामीण शिक्षा को सीधे डिजिटल युग से जोड़ना है। यह प्रयास न केवल दूरस्थ क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच को आसान बना रहा है, बल्कि युवाओं के भविष्य निर्माण और ज्ञान आधारित सामाजिक परिवर्तन की एक मजबूत नींव भी तैयार कर रहा है।

newsnextindia1@gmail.com
NNI हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# थाने स्तर पर पीड़ित के साथ हो मृदुल व्यवहार



एनएनआई

**फतेहाबाद।** उच्च गुणवत्ता एवं पुलिस मोटिवेशन के साथ अपराधियों पर लगे अंकुश थाने पर फरियादियों के साथ हो मृदुल व्यवहार यह कहना है एडिशनल सीपी सचिंद्र पटेल का। थाना फतेहाबाद के वार्षिक निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि थाने पर बिल्डिंगों का निर्माण चल रहा है मुख्यमंत्री के द्वारा पुलिस के लिए संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं जिससे उच्च गुणवत्ता के साथ पुलिस का मोटिवेशन बढे जिससे अपराधियों पर लगाम लगे। थाने पर

## फरियादियों को बैठाकर सुनी जाएं समस्याएं

बैठने रहने के लिए समुचित जगह हो इसको लेकर काम किया जा रहा है जिसका समय-समय पर डीसीपी व एसीपी के द्वारा निरीक्षण भी किया जाता है वहीं उन्होंने आगे बताया कि आईजीआरएस को लेकर थाने पर समीक्षा की गई जिसकी प्रगति ठीक पाई गई मिशन शक्ति व जनसुनवाई के तहत ठीक काम किया जा रहा है थाने स्तर पर जो भी फरियादी आते हैं उन्हें बैठक तसल्ली से पानी पिलाकर उनकी बात सुनी जाए तथा उनकी समस्या का समुचित निस्तारण होना चाहिए त्योहार पर कानून व्यवस्था को बेहतर बने के लिए पुलिसिंग पर बहुत काम किया गया है जिसके तहत थाना क्षेत्र पर जहां अधिक दुर्घटनाएं होती है ऐसी जगह का चिन्हांकन कर वाहन दुर्घटना को कम करने का काम किया जा रहा है तथा जिले स्तर पर वाहनों के डंपिंग यार्ड बनाए गए हैं जिससे थानों पर वाहनों का बोझ कम हो इस अवसर पर डीसीपी पूर्वी अभिषेक अग्रवाल उपस्थित थे।

# वाहन टैग व्यवस्था के विरोध में गल्ला मंडी में प्रदर्शन, प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

एनएनआई



**आगरा।** यमुनापार स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति (गल्ला मंडी) में लागू वाहन टैग व्यवस्था के विरोध में मंगलवार को व्यापारियों का आक्रोश खुलकर सामने आया। मंडी कार्यालय के बाहर एकत्र हुए व्यापारियों ने प्रदर्शन करते हुए व्यवस्था को तत्काल समाप्त करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि नई प्रणाली व्यापार को सरल बनाने के बजाय व्यापारियों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। चेतावनी दी गई कि यदि वाहन टैग व्यवस्था वापस नहीं ली गई तो प्रदेशभर के व्यापारी चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे। गल्ला मंडी अध्यक्ष जय प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि वाहन टैग से जुड़ी नई एप प्रणाली अत्यधिक जटिल है। इसके चलते व्यापारियों को अनावश्यक आर्थिक और मानसिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना था कि इस व्यवस्था से मंडी में व्यापार प्रभावित हो रहा है और व्यापारियों का समय व संसाधन दोनों बर्बाद हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि व्यापार को सुगम बनाने के लिए इस व्यवस्था को तत्काल समाप्त किया जाए। प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों ने बताया कि इस संबंध में मंडी प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को कई बार ज्ञापन देकर समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। इससे व्यापारियों में नाराजगी लगातार बढ़ रही है। व्यापारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेश की सभी कृषि उत्पादन मंडियों के व्यापारी एकजुट होकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और मंडी प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में नरेश चंद गोयल, सत्यप्रकाश बंसल, अंकित गुप्ता, विक्रांत गोयल, विनोद अग्रवाल, मोहन कुमार गर्ग, अनीश कुमार गर्ग, अनमोल, गगन गोयल, लक्ष्मी नारायण, मजनीश कुमार, मुकुल सिंघल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# सीएचसी में जल्द बनेगा लेबर व इमरजेंसी भवन

एनएनआई




**फतेहाबाद।** क्षेत्र के लोगों को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फतेहाबाद में विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी। उपजिलाधिकारी स्वाति शर्मा ने मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर लेबर रूम एवं इमरजेंसी भवन के निर्माण के लिए शीघ्र ब्लूप्रिंट तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जा सके।

एसडीएम ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने नगर पंचायत के चेयरमैन एवं अधिशासी अधिकारी (ईओ) से समन्वय स्थापित कर अस्पताल परिसर में सुलभ शौचालय का निर्माण कराने के निर्देश भी दिए, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

अस्पताल परिसर को स्वच्छ, हरित और आकर्षक बनाने के उद्देश्य से सीएचसी अधीक्षक डॉ. अभिषेक चौहान को फलदार पौधों का गार्डन विकसित करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ स्वच्छ और हरित वातावरण मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में भी सहायक होता है। बैठक में उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पियूष जैन, सीएचसी अधीक्षक डॉ. अभिषेक चौहान, सीपीएम रफीक खान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बारात के मार्ग को लेकर विवाद, पुलिस की सतर्कता से हुई शादी

एनएनआई

**फतेहाबाद।** थाना निबोहरा क्षेत्र के गांव रामपुर में सोमवार रात बाल्मीकि समाज की एक बारात के मार्ग को लेकर उत्पन्न हुआ विवाद पुलिस की तत्परता और सूझबूझ से शांतिपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया। मंगलवार सुबह बारात की सकुशल विदाई होने के साथ ही गांव में सामान्य स्थिति बहाल हो गई। एहतियातन पूरी रात पुलिस बल गांव में तैनात रहा।

जानकारी के अनुसार, गांव रामपुर निवासी गुरुचरण की पुत्री जसोदा की बारात अछनेरा क्षेत्र के गांव सेहता से आई थी। बारात के गांव में प्रवेश के दौरान कुछ ग्रामीणों ने मार्ग को लेकर आपत्ति जताई, जिससे कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई।

सूचना मिलते ही डायल-112, फतेहाबाद और शमसाबाद सर्किल की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों से बातचीत कर आपसी सहमति बनाई और पुलिस सुरक्षा के बीच बारात को धर्मशाला तथा विवाह स्थल तक पहुंचाया। रात करीब 10:15 बजे डीसीपी पूर्वी अभिषेक अग्रवाल ने गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद एसीपी आलोक रंजन श्रीवास्तव पूरी रात पुलिस बल के साथ गांव में डटे रहे। धर्मशाला और आसपास के क्षेत्र में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई।

सुबह बारात की शांतिपूर्ण विदाई के बाद पुलिस अधिकारियों ने राहत की सांस ली। पुलिस के अनुसार पूरे घटनाक्रम के दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई और गांव में कानून-व्यवस्था पूरी तरह सामान्य रही। फिलहाल क्षेत्र में शांति है और पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# आटो में 8 लाख की चोरी का 22 दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

**बाह** एनएनआई। ऑटो से चोरी हुए 8 लाख के स्वर्ण आभूषण 22 दिन बाद भी बरामद न होने पर परिजनों ने समाधान दिवस में त्वरित जांच एवं प्रभावी कार्यवाही की मांग की है। बटेश्वर मंदिर में दर्शन पूजन के बाद 15 जून को ऑटो से घर लौट रही जैतपुर की संतोष कुमारी के बैग में रखे 8 लाख रुपये के सोने के आभूषण चोरी हुए थे। चोरी हुए आभूषणों में 1 जंजीर, 3 अंगूठी, 2 जोड़ी झुमकी, 1 जोड़ी झाले, 1 जोड़ी कुंडल, 1 जोड़ी टाक्स शामिल थे। उन्होंने बाह थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी में कहा था कि 15 जून को बटेश्वर मंदिर में दर्शन पूजन कर बेटे के साथ ऑटो से घर लौट रही थी। ऑटो चालक ने फरैरा तिराहे पर उतार दिया था। फरैरा तिराहे से दूसरे ऑटो में बैठी, जिसमें पहले से दो महिलाएं बैठी थी। एक महिला रास्ते में उतर गई। दूसरी महिला बाह में एनडी जैन कॉलेज के पास उतर गई। ऑटो चालक के तीन परिचित लड़के बैठे और बाह के बस स्टैंड पर उतर गये। सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस में उनके बेटे अर्चित उपाध्याय ने त्वरित जांच एवं प्रभावी कार्यवाही की मांग की है। कहा है कि चोरी के खुलासे और आभूषणों की बरामदगी के लिए मुख्यमंत्री जनता दर्शन एवं जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी।

# कब्जे की जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत

**बाह** एनएनआई। नगर पालिका बाह क्षेत्र के आंबेडकर पार्क की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत जनसुनवाई पोर्टल पर की गई है। जितेन्द्र कुमार पिप्पल ने पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ट्वीट किया है। उन्होंने पार्क की जमीन को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है। आंबेडकर पार्क की जमीन पर हो रहे कब्जे के चलते संविधानशिल्पी में आस्था रखने वाले लोगों में रोष व्याप्त है। पिछले दिनों बाबा साहब के अनुयाई बाह थाने में भी शिकायत दर्ज कराने के लिए पहुंचे थे।

# छुट्टियों की मांग पर हंगामा करने वाले 4 टोलकर्मी बर्खास्त




**फतेहाबाद** एनएनआई। लखनऊ एक्सप्रेसवे स्थित फतेहाबाद टोल प्लाजा पर छुट्टियों की मांग को लेकर हंगामा करने वाले चार कर्मचारियों पर पुलिस और टोल प्रबंधन ने कार्रवाई की है। पुलिस ने चारों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की, जबकि टोल प्रबंधन ने अनुशासनहीनता और अभद्र व्यवहार का हवाला देते हुए उनकी सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दीं।

फतेहाबाद थाना पुलिस के अनुसार हरगोविंद निवासी बिरेहरू (सैया), सचिन गोस्वामी निवासी दिनौली (टूंडला), राजू यादव निवासी मलगांव (सकीट, एटा) और दिलीप पांडेय निवासी सेमरा (सिरसागंज) के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

टोल प्लाजा प्रबंधक प्रमोद धनगर ने बताया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी कर्मचारियों का ऑनलाइन पुलिस सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। प्रत्येक कर्मचारी को एक माह के भीतर सत्यापन कर उसकी प्रति कार्यालय में जमा करनी होगी। निर्धारित अवधि में सत्यापन नहीं कराने वाले कर्मचारियों की सेवाएं भी समाप्त कर दी जाएंगी।

गौरतलब है कि सोमवार देर रात छुट्टियों की मांग को लेकर कुछ कर्मचारियों ने टोल लेन के बैरियर खोल दिए थे। इससे कुछ समय तक कई वाहन बिना टोल शुल्क दिए एक्सप्रेसवे से गुजरते रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस और टोल प्रबंधन ने स्थिति पर नियंत्रण कर लिया। फिलहाल टोल प्लाजा पर यातायात और टोल वसूली सामान्य रूप से जारी है।

## संपादकीय

# अब अवसरवाद ही राजनीति का सिद्धांत!

संसद का मानसून सत्र में जो संसद बैठेगी, वह पूरी तरह वह संसद नहीं होगी जिसे देश ने 2024 के आम चुनाव में चुना था। मतदाताओं ने जिस विपक्ष को भेजा था, वह भी अब पहले जैसा नहीं दिखेगा।कुछ ही महिनों में सत्तारूढ़ गठबंधन बड़ा हुआ है वही विपक्ष छोटा। यह बदलाव जनता के नए जनादेश से नहीं है। यह उन सांसदों की बदली हुई राजनीतिक निष्ठा से आया है जिन्हें जनता ने विपक्ष की बेंचों पर बैठने के लिए चुना था।2024 का चुनाव इसलिए महत्वपूर्ण था क्योंकि लगभग एक दशक बाद केंद्र सरकार के सामने ऐसा विपक्ष खड़ा हुआ जो सवाल पूछ सकता था, सरकार को असहज कर सकता था, फैसलों की रफ्तार धीमी कर सकता था और कभी-कभी उसे जवाब देने के लिए मजबूर भी कर सकता था। दो साल भी नहीं बीते और वह संतुलन फिर बदल गया है। बिना चुनाव, बिना नए जनादेश और बिना जनता की राय पूछे। राजनीति ने अपना पुराना रास्ता पकड़ लिया। 2024 का जो विपक्ष जनता ने बनाया था, वह इस मानसून सत्र में दिखाई देने वाला विपक्ष नहीं है।असल में भारतीय राजनीति की भाषा बदल गई है इंडिया गठबंधन शुरू से ही विचारधारा से अधिक अंकगणित का गठबंधन था।साझा लक्ष्य केवल इतना था कि नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार भारी बहुमत न ले आएँ। चुनावी गणित के लिए यह पर्याप्त था, स्थायी राजनीतिक गठबंधन के लिए नहीं। मतदाताओं ने सीटें दे दीं, लेकिन साझा नेतृत्व नहीं दिया, साझा कार्यक्रम नहीं दिया और न ही साझा शासन दृष्टि। इसलिए यह गठबंधन जितना मजबूत दिखाई देता था, भीतर से उतना ही कमजोर था।भारत केवल इसलिए एक दल की प्रधानता वाली व्यवस्था की ओर नहीं बढ़ रहा कि एक दल लगातार चुनाव जीत रहा है। वह इसलिए बढ़ रहा है क्योंकि भारतीय राजनीति में सत्ता का विरोध करने से अधिक लाभ सत्ता के निकट रहने में दिखाई देने लगा है। यही बड़ा परिवर्तन है।भारत की राजनीति में अब प्रभावशाली धारा न वामपंथ है, न दक्षिणपंथ। केवल हिंदुत्व भी नहीं, जबकि वही भाजपा की सबसे प्रभावी राजनीतिक भाषा है। केवल धर्मनिरपेक्षता भी नहीं, भले विपक्ष अब भी उसी शब्दावली को ऐसे दोहराता हो मानो उसका उच्चारण ही राजनीति बदल देगा। 2026 की भारतीय राजनीति का सबसे बड़ा सिद्धांत अवसरवाद है। सत्ता संसाधन देती है, राजनीतिक करियर बनाती है, संरक्षण देती है और अब तो राजनीतिक अस्तित्व भी काफी हद तक उसी से तय होता दिखाई देता है। दूसरी तरफ विपक्ष लगातार कम प्रभाव, अनिश्चित भविष्य और जाँच एजेंसियों की आशंकाओं के साथ चलता है। हर आरोप सही हो, यह आवश्यक नहीं। लेकिन राजनीति केवल तथ्यों से नहीं चलती, धारणाओं से भी चलती है। और आज सबसे मजबूत धारणा यही बन चुकी है कि सत्ता से दूरी बनाने की तुलना में सत्ता के निकट चले जाना अधिक सुरक्षित है।इसीलिए अब दलबदल विचारधारा, नैतिकता, राजनैतिक शुचिता का प्रश्न नहीं है। वे नेता अधिकतर दल बदलते हैं जिनकी राजनीति लंबी है। वे यह नहीं पूछते कि कौन-सी विचारधारा सही है। वे यह पूछते हैं कि अगले दस वर्षों तक सत्ता किसके हाथ में रहने वाली है? जब पूरी राजनीतिक बिरादरी इसी निष्कर्ष पर पहुँच जाती है तो विचारधारा धीरे-धीरे पीछे हट जाती है और अवसरवाद राजनीति की एक नई सामान्य भाषा बन जाता है।आज राजनीति सिद्धांतों से कम और अवसरों से अधिक संचालित है।पिछले दस वर्षों में लोगों ने संस्थाओं को झुकते देखा है, एजेंसियों की दिशा बदलते देखी है और मीडिया को धीरे-धीरे अपना दायरा समेटते देखा है। इससे केवल निराशा नहीं पैदा हुई। इससे एक गहरी व्यावहारिक थकान पैदा हुई है। शायद इसी कारण नीट जैसा बड़ा मुद्दा भी वैसा राजनीतिक विस्फोट नहीं बन पाया जैसा बारह वर्ष पहले बनता। करोड़ों परिवार प्रभावित हुए, योग्यता आधारित व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न उठे, लेकिन मामला पहले खबर बना, फिर अदालत पहुँचा और धीरे-धीरे सार्वजनिक स्मृति में धुँधला पड़ने लगा।गुस्सा था, लेकिन उसके पास जाने के लिए कोई भरोसेमंद राजनीतिक रास्ता नहीं था। राहुल गांधी ने मुद्दा उठाया, पर मुद्दा देश को अपने साथ नहीं जोड़ सका।राजनीति में समय सबसे बड़ी पूँजी होता है। दस वर्ष किसी दल के लिए केवल चुनाव जीतने का समय नहीं होते, वे भविष्य के चुनावों की शर्तें बदलने के लिए भी पर्याप्त होते हैं। इसी दौरान संस्थाएँ धीरे-धीरे कम स्वतंत्र होती गईं, असहमति की कीमत बढ़ती गई, सत्ता अधिक केंद्रित होती गई और सरकार में रहने के व्यावहारिक लाभ विपक्ष में रहने के लाभों से लगातार बड़े होते गए। इसलिए इस मानसून सत्र की असली परीक्षा भाषणों की नहीं होगी। वह यह होगी कि विपक्ष के कितने सांसद अब भी उस अर्थ में विपक्ष हैं जिसका लोकतंत्र में सचमुच महत्व है।जो विपक्ष केवल बोल सकता है, रोक नहीं सकता, वह लोकतंत्र का अभिनय तो करता है, उसका संतुलन नहीं बनाता।भारत अभी एक दलीय राज्य नहीं है। लेकिन वह धीरे-धीरे ऐसी राजनीतिक व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है जहाँ एक दल यह तय करने लगे कि बाकी सभी दल किस मैदान में और किन शर्तों पर राजनीति करेंगे। लोकतंत्र केवल इसलिए जीवित नहीं रहता कि सरकारें चुनाव जीतती रहें। वह इसलिए भी जीवित रहता है कि विपक्ष को यह भरोसा बना रहे कि अगला चुनाव उसके लिए वास्तविक अवसर है। जिस दिन राजनीति विपक्ष में रहने को अलाभकारी बना देगी, उसी दिन एक दलीय प्रभुत्व किसी घोषणा से नहीं, बल्कि राजनीतिक व्यवहार से अपने आप स्थापित हो जाएगा।



# ऑपरेशन हार्ड बॉल

## लॉरेंस-गोल्डी गैंग पर बड़ी कार्रवाई, अमेरिका-कनाडा-यूरोप में 24 गुर्गे गिरफ्तार

**अमेरिका, कनाडा और यूरोप में लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ समेत भारतीय अपराधियों के तीन गिरोहों के खिलाफ अभियान में 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से बिश्नोई-बराड़ गिरोह पर खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की 2023 में हुई हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।**

छापे में करीब 1,000 किलोग्राम कोकीन, एक किलोग्राम हेरोइन, 40,000 डॉलर नकद और करीब एक दर्जन हथियार जब्त किए। एफबीआई, लॉस एंजिल्स पुलिस, रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस और कई अन्य देशों की सुरक्षा एजेंसियों ने अभियान में समन्वित कार्रवाई की। अभियान को ऑपरेशन हार्ड बॉल नाम दिया गया।

अमेरिकी अधिकारियों ने तीनों गिरोहों के खिलाफ तीन आरोपपत्र दायर किए हैं, जिनमें कुल 37 लोगों को आरोपी बनाया है। अधिकारियों ने बताया कि कैलिफोर्निया में 11 गिरफ्तारियां हुईं, जबकि बाकी गिरफ्तारियां इंडियाना, जॉर्जिया, कनाडा और स्पेन में हुईं। दस आरोपी अब भी फरार हैं। बिश्नोई-बराड़ के अलावा जग्गू भगवानपुरिया और रविंदर सिंह ढांडा गिरोहों को भी निशाना बनाया। जून, 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में दो बंदूकधारियों ने निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

लॉरेंस बिश्नोई के प्रतिद्वंद्वी जग्गू भगवानपुरिया सिंडिकेट पर पैसे लेकर हत्या करने और ड्रग्स की तस्करी करने के आरोप हैं। कनाडा में रहने वाले रविंदर सिंह ढांडा के नेतृत्व वाले तीसरे नेटवर्क पर आरोप है कि वह ट्रकों के जरिये हर हफ्ते कैलिफोर्निया से कनाडा में सैकड़ों किलो कोकीन, मेथामफेटामाइन की तस्करी करते थे।

**बिश्नोई गैंग पर क्यों लगा निज्जर हत्याकांड का आरोप?**

अभियान में सबसे अहम घटनाक्रम लॉरेंस गैंग के खिलाफ की गई कार्रवाई है। बिश्नोई भारत की जेल में बंद है और उस पर निज्जर की हत्या का आदेश देने का आरोप लगाया गया है। अमेरिकी आरोप-पत्र के अनुसार, बिश्नोई और उसके अमेरिकी सहयोगी सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ ने इस हत्या का निर्देश दिया था। 18 जून, 2023 को सरे, ब्रिटिश कोलंबिया में दो बंदूकधारियों ने 45 वर्षीय निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

खालिस्तान समर्थक चरमपंथ को लेकर भारत-कनाडा के बीच बढ़ते तनाव के बीच कनाडाई अधिकारी लंबे समय से इस हत्या की जांच कर रहे थे। कैलिफोर्निया के केंद्रीय जिले के अटॉर्नी कार्यालय ने कहा कि आरोप-पत्र में जिन अपराधों का जिक्र है, उनमें भारत के पंजाब के एक प्रमुख राजनीतिक और धार्मिक नेता की हत्या भी शामिल है। अटॉर्नी कार्यालय के दस्तावेजों में उसकी पहचान निज्जर के तौर पर की गई है।

**कनाडा ने बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन कर रखा है घोषित**

कनाडा ने सितंबर, 2025 में बिश्नोई गैंग को आतंकवादी संगठन घोषित किया था। इस गैंग पर कैलिफोर्निया और कनाडा में लोगों से जबरन वसूली करने, लॉस एंजिल्स इलाके में प्रतिद्वंद्वियों से सैकड़ों किलोग्राम कोकीन चुराने और भारतीय मूल के मशहूर लोगों को धमकाने के आरोप भी हैं। एक मामले में, बिश्नोई ने कनाडा में रहने वाले एक भारतीय मूल के एक्टर और सिंगर के घर पर हुई गोलीबारी की जिम्मेदारी ली थी।

**भारतीय समुदाय में डर व हिंसा फैला रहे थे ये गिरोह**

अमेरिकी अधिकारियों ने बताया, ये गिरोह भारतीय समुदाय के लोगों में डर और हिंसा फैला रहे हैं। फर्स्ट असिस्टेंट अमेरिकी अटॉर्नी बिल एसेली ने कहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपराध करने वाले गिरोहों को कानून का सामना करना होगा। इन गिरोहों पर लगाए गए आरोपों में रैकेट चलाने की साजिश, जबरन वसूली और ड्रग्स की तस्करी शामिल है। दोषी पाए जाने पर कई आरोपियों को उम्रकैद की सजा हो सकती है।

**लंबे समय से कार्रवाई की मांग करता रहा है भारत**

भारत सरकार लंबे समय से इन गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करती रही है। भारतीय अधिकारियों का लंबे समय से यह पक्ष रहा है कि कनाडा खालिस्तान-समर्थक चरमपंथियों और उनसे जुड़े आपराधिक गैंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में नाकाम रहा है, जिससे उन्हें भारतीय राजनयिकों, समुदाय के लोगों और विरोधियों को धमकाने का मौका मिला है। आपराधिक गिरोहों के खिलाफ की गई इस कार्रवाई से भारत की चिंता कम करने में मदद मिलेगी।



# जान्हवी कपूर ने साड़ी लुक को दिया नया अंदाज

अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर के रिसेप्शन समारोह में अभिनेत्री जान्हवी ने अपने खास साड़ी लुक से सभी का ध्यान आकर्षित किया। ग्लैमरस गाउन और भारी-भरकम लहंगों के बीच जान्हवी ने हाथ से बुनी बनारसी सिल्क साड़ी पहनकर पारंपरिक परिधान को आधुनिक अंदाज में पेश किया। रिसेप्शन के लिए जान्हवी ने डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की कस्टम लैवेंडर बनारसी सिल्क ब्रोकेड साड़ी पहनी। हल्के बैंगनी रंग की साड़ी पर बारीक फ्लोरल ब्रोकेड डिजाइन और जरी-जरदोजी से सजे चौड़े बॉर्डर ने इसकी खूबसूरती को और बढ़ाया। उन्होंने साड़ी को पारंपरिक अंदाज में प्लीट्स और सलीके से सजे पल्लू के साथ कैरी किया। जान्हवी के लुक की सबसे खास बात उनका ब्लाउज रहा। पारंपरिक ब्लाउज के बजाय उन्होंने स्ट्रैपलेस सिल्क ब्लाउज चुना, जिसने क्लासिक बनारसी साड़ी को आधुनिक और आकर्षक रूप दिया। डीप नेकलाइन और क्रॉप्ड डिजाइन वाला यह ब्लाउज उनके पूरे लुक का केंद्र रहा। अभिनेत्री ने अपने परिधान को पारंपरिक मंदिर शैली के आभूषणों के साथ पूरा किया। चोकर, चांदबाली, कड़े, चूड़ियां और अंगूठियों के साथ कमरबंद ने उनके शाही अंदाज को और निखारा। मेकअप को उन्होंने बेहद सादगीपूर्ण रखा। हल्के गुलाबी रंग के मेकअप, चमकदार त्वचा, छोटी बिंदी और बीच से मांग निकालकर बनाए गए जूड़े ने उनके पारंपरिक और आधुनिक लुक के संतुलन को खूबसूरती से उभारा।



नीतू सिंह बर्थडे स्पेशल

## चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में रखा कदम, फिर बॉलीवुड की प्रमुख अभिनेत्रियों में एक बनीं



बॉलीवुड ने हर दशक में एक से बढ़कर एक दिग्गज अभिनेत्री पाई है, जिन्होंने अपनी शानदार अभिनय, बेमिसाल खूबसूरती और लाजवाब डांस मूव्स से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को ऊंचाइयों तक पहुंचाने और लाखों दर्शकों के दिलों पर राज करने में अहम भूमिका निभाई। उन्हीं हिंदी चलचित्र अभिनेत्रियों में एक नीतू सिंह हैं, जो अब नीतू कपूर के नाम से जानी जाती हैं। बॉलीवुड की 1960 और 1970 के दशक की प्रमुख अभिनेत्रियों में एक, नीतू सिंह का जन्म 8 जुलाई 1958 को नई दिल्ली में एक पंजाबी जाट सिख परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम दर्शन सिंह और मां का नाम राजी कौर था। हालांकि, बेहद कम उम्र में पिता के निधन के बाद नीतू परिवार के साथ मुंबई शिफ्ट हो गई और बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काम करने लगी। नीतू सिंह का असली नाम हरनीत कौर था लेकिन फिल्म में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काम करने के दौरान उन्हें 'बेबी सोनिया' या 'बेबी नीतू' के स्क्रीन नाम से जाना जाने लगा। इसके बाद में फिल्मों में मुख्य अभिनेत्री के रूप में उनकी शुरूआत के साथ उन्हें 'नीतू सिंह' नाम दिया गया। बाल कलाकार के रूप में नीतू ने अपनी एक्टिंग करियर की शुरूआत 1966 में आई फिल्म 'सूरज' से की। इसके बाद उन्होंने चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में कई और फिल्मों में काम किया, जिसमें 'दस लाख' और 'दो कलियां' शामिल हैं। बाल अभिनेत्री के रूप में उनकी 'दो कलियां' फिल्म सबसे लोकप्रिय रही। इसमें उनके डबल रोल को काफी पसंद किया गया और उन्हें खूब सराहना मिली। इसके बाद नीतू ने एक मुख्य अभिनेत्री के रूप में फिल्म 'रिक्शावाला' से इंडस्ट्री में कदम रखा। इसके बाद अभिनेत्री ने कई फिल्मों में अपने शानदार अभिनय का परिचय दिया, जिसमें 'कभी-कभी', 'यादों की बारात', 'दीवार', 'खेल खेल में', 'काला पत्थर', 'अमर अकबर एंथनी', 'रफू चक्कर', 'दूसरा आदमी', आदि फिल्में शामिल हैं। इन फिल्मों के बदौलत वह 70 के दशक की सबसे लोकप्रिय और सफल अभिनेत्रियों में से एक बन गईं। अभिनेत्री ने 22 जनवरी 1980 को बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता ऋषि कपूर से शादी की। इसके बाद उन्होंने अपने जीवन के नए अध्याय और परिवार पर ध्यान देने के लिए फिल्मों से लंबे समय का ब्रेक लिया। अभिनेत्री ने शादी के 26 वर्ष बाद एक बार फिर पर्दे पर 'लव आज कल' फिल्म से शानदार वापसी की और 'दो दूनी चार,' 'जब तक है जान,' 'जुग जुग जियो,' और 'बेशरम' जैसी फिल्मों में नजर आईं।




# भारत की टी20 में सबसे बड़ी हार

## अपने दूसरे न्यूनतम स्कोर पर ऑलआउट हुई टीम; इंग्लैंड ने बनाई बढ़त

**नॉटिंघम।** इंग्लैंड ने भारत को तीसरे टी20 मुकाबले में 125 रनों के बड़े अंतर से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। भारत की इस प्रारूप में रनों के लिहाज से ये सबसे बड़ी हार है। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 201 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 11.4 ओवर में 76 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत की बल्लेबाजी इस कदर खराब रही कि टीम के सिर्फ चार बल्लेबाज दहाई अंक तक पहुंच सके, लेकिन कोई भी 13 रन से ज्यादा नहीं बना पाया। भारत को पहली बार टी20 में 100+ रनों के अंतर से हार मिली है। इससे पहले टीम को इस प्रारूप में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी हार न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली थी। 2019 में वेलिंगटन में खेले गए मैच में न्यूजीलैंड ने भारत को 80 रनों के अंतर से हराया था। इतना ही नहीं, दक्षिण अफ्रीका ने 2026 में टीम इंडिया को 76 रनों से हराया था। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत अब तक एक भी मैच नहीं जीत सका है। पहले उसे आयरलैंड ने 0-2 से हराया और अब इंग्लैंड ने सीरीज में बढ़त बना ली है। इस सीरीज के दो मैच शेष हैं यानी भारत अब यहां से सीरीज अपने नाम नहीं कर सकता। ऐसे में अब उसकी कोशिश बराबरी करने की होगी।

### सात बल्लेबाजों ने बनाए 10 से कम स्कोर

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। वैभव सूर्यवंशी और अभिषेक शर्मा ने आक्रामक शुरुआत दिलाने की कोशिश की, लेकिन जैसे ही पहला झटका लगा, भारत की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह ढेर होती चली गई। भारत के लिए इस मैच में सबसे ज्यादा रन वैभव सूर्यवंशी और ईशान किशन ने बनाए। दोनों बल्लेबाजों के बल्ले से 13-13 रन निकले। वहीं, सात बल्लेबाज सिंगल डिजिट स्कोर ही बना सके। इंग्लैंड की ओर से जोश टंग ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिए, जबकि जोफ्रा आर्चर को तीन विकेट मिले। आदिल राशिद ने दो और विल जैक्स ने एक विकेट लिया।

### सॉल्ट का अर्धशतक

इससे पहले फिल सॉल्ट के अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड ने भारत को जीत के लिए 202 रनों का लक्ष्य दिया। भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। इंग्लैंड के लिए सॉल्ट ने सबसे ज्यादा 44 गेंदों पर सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 70 रन बनाए। वहीं, सैम करन 24 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 41 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके अलावा जोस बटलर ने 36, हैरी ब्रूक ने 16, विल जैक्स ने 14 और जैकब बैथेल ने 13 रन बनाए। भारत की ओर से प्रिंस यादव और हर्षित राणा को दो-दो विकेट मिले, जबकि अक्षर पटेल को एक सफलता मिली।

### टी20 में लगातार पांच मैचों से नहीं जीती टीम

भारत के लिए ब्रिटेन दौरा बेहद निराशाजनक रहा है। टीम पहली बार टी20 में लगातार पांच मैचों से जीत नहीं दर्ज कर सकी है। टीम को चार हार का सामना करना पड़ा है, जबकि एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। इससे पहले जून से दिसंबर 2009 तक और जुलाई 2021 से अक्तूबर 2021 तक टी20 में लगातार चार हार का सामना करना पड़ा था। श्रेयस की कप्तानी में भारत लगातार चार मैच हार चुका है। इंग्लैंड के साथ उसका पहला मुकाबला बारिश के कारण बेनतीजा रहा था। दोनों टीमों के बीच अब चौथा मुकाबला गुरुवार को ब्रिस्टल में खेला जाएगा।

# 72 साल बाद इतिहास रचकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा स्विट्जरलैंड

## पेनल्टी शूटआउट में कोलंबिया को 4-3 से हराया, गोलकीपर कोबेल बने जीत के नायक

**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2026 में स्विट्जरलैंड ने 72 साल का इंतजार खत्म करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। अंतिम-16 के मुकाबले में स्विट्जरलैंड ने कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर इतिहास रच दिया। निर्धारित समय और अतिरिक्त समय तक दोनों टीमों के बीच कोई गोल नहीं हो सका। इसके बाद मुकाबले का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ, जहां स्विट्जरलैंड ने बाजी मार ली। निर्णायक पेनल्टी पर रूबेन वर्गास ने गोल कर टीम को यादगार जीत दिलाई।



### दोनों टीमों के बीच रही कांटे की टक्कर

पूरे मैच में दोनों टीमों के रक्षक खिलाड़ियों का दबदबा रहा। कोलंबिया और स्विट्जरलैंड को कई मौके मिले, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। अतिरिक्त समय में भी मुकाबला बराबरी पर रहने के बाद फैसला पेनल्टी शूटआउट तक पहुंचा।

### कोबेल ने बचाया अहम शॉट

स्विट्जरलैंड की जीत में गोलकीपर ग्रेगोर कोबेल की बड़ी भूमिका रही। उन्होंने पेनल्टी शूटआउट में कोलंबिया के अहम प्रयास को रोककर टीम की जीत की नींव रखी।

### अर्जेंटीना से होगा मुकाबला

स्विट्जरलैंड 1954 के बाद पहली बार विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है। अब उसका सामना मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना से होगा, जिससे टूर्नामेंट का एक और रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा।

# बुधवार, 08 जुलाई राशिफल

आज का दिन अनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में लाभ के अवसर मिलेंगे। सामाजिक संपर्कों से फायदा होगा। मित्रों के साथ घूमने का कार्यक्रम बन सकता है। परिवार पक्ष से सहयोग मिलेगा। यात्रा में सावधानी बरतें।

आज धैर्य और संयम से काम लें। निवेश से अपेक्षित लाभ मिलने में देरी होगी। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है। आर्थिक मामलों में सतर्क रहें। घर के वातावरण में कुछ तनाव रहेगा। मौन और समझदारी से लाभ होगा।

आज सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार में सामान्य से बेहतर परिणाम मिलेंगे। अचानक धन लाभ होने के योग हैं। मधुर वाणी से नए संबंध बनेंगे। परिवार का माहौल सुखद रहेगा। लंबी यात्रा से बचना बेहतर रहेगा।

व्यापारिक दृष्टि से दिन लाभदायक रहेगा। मीठी वाणी से नए संपर्क बनेंगे। भविष्य के लिए योजनाएं सफल रहेंगी। धन संबंधी मामलों में सतर्क रहें। परिजनों से संबंध मधुर बने रहेंगे।

आज अचानक धन लाभ के योग हैं। नौकरी में मेहनत का फल मिलेगा। धार्मिक विषयों में रुचि बढ़ेगी। परिजनों के साथ समय आनंदमय रहेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन मिलेगा। पेट संबंधी परेशानी हो सकती है।

आज सतर्कता से कार्य करना आवश्यक है। स्वास्थ्य में कुछ नरमी रह सकती है। कार्यक्षेत्र में मन कम लगेगा। आर्थिक मामलों में चिंता बनी रहेगी। विवाद और कानूनी मामलों से बचें। आध्यात्मिक गतिविधियों से शांति मिलेगी।

आज उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय में लाभ के लिए मेहनत करनी होगी। परिजनों से संबंध मधुर रहेंगे। मनोरंजन और यात्रा का आनंद मिलेगा। आकस्मिक धन लाभ संभव है।

आज हर कार्य सोच-समझकर करें। व्यापार में हानि की आशंका है। आलस्य से अवसर हाथ से निकल सकते हैं। परिवार में विवाद से बचें। नए कार्य की शुरूआत टालें।

आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यवहार से लोगों का दिल जीतेंगे। संपत्ति संबंधी कार्यों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में निवेश लाभदायक रहेगा। मित्रों के साथ आनंददायक समय बीतेगा। स्वास्थ्य सामान्य बना रहेगा।

आज क्रोध और आवेश पर नियंत्रण रखें। पड़ोसियों से विवाद की स्थिति बन सकती है। कार्य में संतोष का भाव रखें। सरकारी कार्यों में जल्दबाजी न करें। अनावश्यक विवादों से दूर रहें। मानसिक तनाव कुछ समय परेशान कर सकता है।

आज का दिन लाभदायक रहेगा। रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। व्यापार में सफलता से मन प्रसन्न रहेगा। सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। पारिवारिक जिम्मेदारियां पूरी होंगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखना आवश्यक है।

आज ऊर्जा और उत्साह बना रहेगा। परिवार के प्रति संवेदनशील रहेंगे। सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। धार्मिक यात्रा के योग बन सकते हैं।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752




# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया है जनता की आवाज


## पांच स्वर्णिम वर्षः पाठकों ने दी दिल खोलकर शुभकामनाएं













एनएनआई

**आगरा।** अपने प्रकाशन के सफल पांच वर्ष पूरे होने का जश्न न्यूज नेक्स्ट इंडिया समाचार पत्र के परिवार द्वारा मंगलवार को केक काटकर अपने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सहकर्मियों के साथ मनाया। न्यूज नेक्स्ट इण्डिया के छठवें वर्ष में प्रवेश करने पर मदिया कटरा स्थित एनएनआई कार्यालय में आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम में न्यूज नेक्स्ट इण्डिया के निदेशकगण सहित शहर के अन्य गणमान्य लोग और पत्रकार उपस्थित रहे। एनएनआई समाचार पत्र जन हित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाता है। उसके प्रयासों से जन जागरुकता बढ़ती है और जनता के समर्थन से निष्पक्ष पत्रकारिता को नई दिशा मिलती है। एनएनआई प्रकाशन की सफलता के पांच वर्ष पूर्ण होने पर शहर के सुधि पाठकों का दिल की गहराइयों से शुक्रिया अदा किया। कार्यक्रम में आए वरिष्ठ पत्रकारों ने कहा कि निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे न्यूज नेक्स्ट इण्डिया अखबार ने स्थानीय मुद्दों से लेकर राष्ट्रीय सरोकारों तक, अखबार ने हमेशा तथ्यों की शुचिता को बनाए रखने का प्रयास किया है। इस मौके पर बड़ी संख्या में पाठक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने ताजा अंक पढ़कर अखबार की कवरेज की सराहना की। पाठकों ने कहा कि न्यूज नेक्स्ट इण्डिया ने हमेशा जनता की आवाज को सत्ता तक पहुंचाने का काम किया है। महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर अखबार की खबरों से कई बार बदलाव भी देखने को मिला। पाठकों ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले समय में भी अखबार इसी तरह निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितैषी बना रहे। उन्होंने उम्मीद जताई कि न्यूज नेक्स्ट इण्डिया आने वाले वर्षों में और मजबूती से अपनी पहचान बनाएगा। निदेशक मण्डल ने सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पाठकों का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने संकल्प लिया कि आने वाले समय में अखबार की कवरेज और व्यापक होगी और युवा, किसान, महिला से जुड़े मुद्दों को और प्रमुखता दी जाएगी। कार्यक्रम में न्यूज नेक्स्ट इण्डिया समूह के चेयरमैन स्वतंत्र कुमार सुनील, प्रबंधक निदेशक बृजेश सिकरवार, निदेशक मण्डल नीता अग्रवाल, डॉ. पंचशील शर्मा, प्रभात गुप्ता, मनीष अग्रवाल जॉली, राजीव पाराशर, विजय बंसल, अंकुश, मधुर बंसल, पुनीत जैन, गौरव लोधी के साथ देवेन्द्र बघेल, भारत राजौरिया, लवी किशोर, जफर खान, पुष्पेन्द्र गोस्वामी, शीतल सिंह माया, मानव, अरशदरब, ईशू चेनानी, अमन गुप्ता के साथ शहर के अन्य पत्रकार, गणमान्य व्यक्ति व विशिष्ट अतिथि अमित ग्वाला उपस्थित रहे। प्रधान संपादक अरविंद सिंह ने सभी का आभार जताया।



